




दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 270/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 11 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## सेना की वर्दी में वैज्ञानिक, एजेंसियों से बचने के लिए रात में काम, आज ही के दिन दुनिया ने देखी थी भारत की परमाणु 'शक्ति'



छब्बीस साल पहले, एनडीए प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने 5 मई और 11 मई को पोखरण में परमाणु परीक्षणों की शक्ति श्रृंखला का आयोजन किया था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की परमाणु क्षमता के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था। भारत द्वारा थर्मोन्यूक्लियर से लेकर सामरिक उपकरणों की एक श्रृंखला का विस्फोट करके खुद को परमाणु हथियार संपन्न देश घोषित किया था।

देश एक पूर्ण, कार्यशील और अत्यधिक सक्षम परमाणु ट्रायड और परमाणु संचालित बैलिस्टिक के कारण मजबूत दूसरी स्ट्राइक क्षमता के साथ मीलों आगे बढ़ गया है। मिसाइल दागने वाली पनडुब्बियाँ। आज, भारत के पास 5000 किमी रेंज वाली भूमि आधारित अग्नि बैलिस्टिक मिसाइल और 3000 किमी रेंज वाली ज्ञ-4 पनडुब्बी आधारित बैलिस्टिक मिसाइल है, जो भारत को चीन, पाकिस्तान और उससे आगे के खतरों से बचा सकती है।

वाजपेयी के परीक्षण के निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह था कि भारत ने पहली बार चीन को भारत के परमाणु बनने के प्रमुख कारण के रूप में नामित किया था। 13 मई 1998 को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन को लिखे अपने पत्र में, वाजपेयी ने कहा हमारी सीमाओं पर एक प्रकट परमाणु हथियार संपन्न राज्य है, एक ऐसा राज्य जिसने 1962 में भारत के खिलाफ सशस्त्र आक्रमण किया था। देश में अविश्वास को बढ़ाने के लिए हमारे एक और पड़ोसी को गुप्त परमाणु हथियार संपन्न राज्य बनने में भौतिक रूप से मदद की है।÷ उस दिन भारत के लिए चीन की धमकी किसी के सामने नहीं थी क्योंकि उस दिन से पहले भारत सरकार और मीडिया ने चीन का नाम तक नहीं लिया था। साम्यवादी राज्य भारत का वोल्डेमॉर्ट था क्योंकि उस दिन बुद्ध मुस्कुराये थे। शक्ति श्रृंखला के परीक्षणों के बाद, प्रधान मंत्री वाजपेयी को तत्कालीन विपक्ष विशेष रूप से वामपंथी दलों और वामपंथी मीडिया द्वारा आलोचना की गई थी और सरकार को सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने के लिए पश्चिम समर्थक मीडिया के माध्यम से अमेरिकी दबाव का सामना करना पड़ा था।

## बीजापुर में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में 6 नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज एक बार फिर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ गंगलूर पुलिस थाना क्षेत्र के पिदिया जंगल में हुई। ताजा जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में कम से कम 12 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बलों की एक टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। नक्सलियों ने जवानों को देखकर उन पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। जवानों ने भी डटकर मुकाबला किया और नक्सलियों को करारा जवाब दिया। इस मुठभेड़ में अभी तक किसी जवान के हताहत होने की खबर नहीं है।

**इलाके में तनाव का माहौल-** इस मुठभेड़ के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

## निर्विघ्न चुनाव के लिए पुलिस को तैयार रहने के कमिश्नर के निर्देश!




लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें कमिश्नर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एंव निष्पक्ष मतदान व चुनाव प्रक्रिया के लिए पुलिस चाक चौबंद व्यवस्था के साथ है, हर परिस्थिति के लिए है पूरी तरह तैयार रहे।

लोकसभा चुनाव के पारदर्शी तथा इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने नगरीय पुलिस के दोनों एडिशनल सीपी, सभी डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में ली। इस बैठक में सभी को शहर में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए चाक-चौबंद इंतजाम कर पूरी तरह से तैयार रहकर कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सर चकरा जाएगा यह FACT जान के...



1865 में केरल में खींची गई पहली तस्वीर में त्रावणकोर के महाराजा अयिलम थिरुनल और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्माच हैं। समय-समय की बात है समय बड़ा बलवान है सीधा कोई इस फोटो को खींचने के लिए उसे समय आज के हिसाब से करोड़ों रुपए खर्च किए गए और आज हम दिन भर में न जाने कितनी फोटो बिना मतलब के बिना मूल्य के लेते है इस ऐतिहासिक तस्वीर के बदले में उन्होंने फोटोग्राफर को 2001 सोने के सिक्के, 500 क्विंटल काली मिर्च, 100 क्विंटल इलायची और 100 क्विंटल सोंठ इनाम में दिए।

# कंधमाल में बोले मोदी, कांग्रेस को नहीं मिलेगा विपक्ष का दर्जा, 50 के नीचे सिमट जाएगी

**कंधमाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के कंधमाल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए आज कहा कि 26 साल पहले आज के दिन वाजपेयी सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। उस दिन भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य का परिचय करवाया था, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की सोच बार-बार लोगों को डराने का काम कर रही है।



**मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। यह मरे पड़े लोग देश के मन को भी मार रहे हैं। कांग्रेस का हमेशा ऐसा ही रवैया है। आज पाकिस्तान के ऐसे हालत हैं कि वे परमाणु बम बेचने के लिए निकले हैं।

कांग्रेस के इसी कमजोर रुख के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक की आग में झुलसना पड़ा। देश ने इतने आतंकी हमले झेले हैं, जो देश भूल नहीं सकता। 26/11 के मुंबई हमले के बाद इनकी हिम्मत नहीं हुई कि वे आतंकवाद के सरपरस्त पर कार्रवाई करें। गौरतलब है कि एक दिन पहले कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि वो भी एक परमाणु शक्ति संपन्न देश है।

### 50 के नीचे सिमट जाएगी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आज कांग्रेस को दो टूक कहूंगा कि भारत के मुसलमान, कोई इधर-उधर जाएगा ऐसा मानने की कोशिश न करें। कांग्रेस के शहजादे आए दिन बयानबाजी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को विपक्ष का नेता बनाने के लिए लोकसभा की कुल संख्या का 10 फीसदी चाहिए। कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें। कांग्रेस इस देश में मान्य विपक्ष भी नहीं बन पाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस इस बार 50 सीटों से नीचे सिमट जाएगी।

### झारखंड में भी पीएम मोदी की सभा

प्रधानमंत्री आज झारखंड में सिमरिया के मुरवे में सभा करेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब मुरवे में प्रधानमंत्री मोदी की कोई जनसभा होगी। यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल को स्क्ला सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।





मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज अपनी विधानसभा (उज्जैन दक्षिण) के वार्ड क्रमांक 35 के बूथ क्रमांक 41 में घर घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान पर्ची का वितरण किया।





पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के नागदा विधानसभा के खाचरोद में रोड शो कर जनसभा को संबोधित किया।

# सीएम ने रतलाम के रोड शो में गदा घुमाई

## चौथे चरण की 8 सीटों पर प्रचार का आज आखिरी दिन, देवास में पटवारी की 3 सभाएं



**भोपाल।** लोकसभा इलेक्शन के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 लोकसभा सीटों पर आज शाम 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। चरण में शामिल 8 लोकसभा सीट देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगोन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा।

### रतलाम में सीएम मोहन का रोड शो

चौथे चरण में प्रचार के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम दौरे पर हैं। उन्होंने यहां रोड शो किया। रोड शो में सीएम ने रथ में सवार होकर गदा घुमाई। इसके बाद सीएम दोपहर जावरा में रोड शो, दोपहर में इंदौर लोकसभा क्षेत्र के देपालपुर विधानसभा के बेटमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम दोपहर 2.30 बजे इंदौर में रोड शो में शामिल होकर बीजेपी प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगेगे।

### वेंटीलेटर पर हैं केजरीवाल, सीएम पद से देना चाहिए इस्तीफा : सीएम

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा की अपने पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और देश से माफी मांगना चाहिए।

जब हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, जिला कोर्ट सब जगह से वह बेल पाने के लिए लालायित थे। हर कोर्ट ने, हर बार हर तारीख पर जो उनके बारे में टिप्पणियां की है, मुझे लगता है कि कोई भी थोड़ा समझदार व्यक्ति होगा तो वह तुरंत इस्तीफा देगा।

सीएम को किसी फाइल पर साइन करने का अधिकार नहीं है। यह उसी प्रकार से है जैसे किसी व्यक्ति के प्राण नहीं हो और वह व्यक्ति काम करें। वेंटिलेटर पर रहकर जीना।



### उप मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय गोविंद मालू को श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता स्वर्गीय श्री गोविन्द मालू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इंदौर स्थित उनके निवास पहुंचकर परिजनों से भेंट कर ढांढस बंधाया।

### केजरीवाल ने कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में पूजा की

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद आज से केजरीवाल जोर-शोर से चुनाव प्रचार की शुरुआत करने वाले हैं। इससे पहले सीएम केजरीवाल पत्नी के साथ दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे। सीएम अरविंद केजरीवाल पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे। मंदिर में दर्शन करने के बाद केजरीवाल पार्टी कार्यालय की ओर रवाना हुए हैं। केजरीवाल के साथ गोपाल राय, संजय सिंह और कई आम आदमी पार्टी के नेता मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री केजरीवाल 1 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।



### करीना कपूर को मध्य प्रदेश हाइकोर्ट का नोटिस

**जबलपुर।** बॉलीवुड अदाकारा करीना कपूर खान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने करीना कपूर को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस करीना कपूर प्रेगनेंसी बाइबल नाम की विवादित पुस्तक को लेकर दिया गया है। करीना कपूर के अलावा जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने अदिति शाह भीमजियानी, अमेजान इंडिया, जगरनाट बुक्स और अन्य को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। दअरसल, जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने करीना कपूर प्रेगनेंसी बाइबल पुस्तक के जरिए ईसाई समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है।




# निगम फर्जी बिल घोटाले का मुख्य आरोपी अभय राठौर पुलिस की गिरफ्त में, उगलेगा राज, मास्टर माइंड राहुल की पत्नी को मिली जमानत

**इंदौर।** निगम फर्जी घोटाले के मुख्य आरोपी निगम अफसर अभय राठौर को पुलिस द्वारा अपनी गिरफ्त में ले लिया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद अब पुलिस घोटाले से सम्बंधित सभी पेच के बारे में पूछताछ करेगी। निगम घोटाले का मास्टरमाइंड अभय राठौर को माना जा रहा है। वही मास्टर माइंड ठेकेदार राहुल बडेरा के पत्नी रेनू को स्वास्थ्य आधार पर जमानत मिल गयी है।



**'राठौर के घर के पर टैंकर मिले'-** बता दे कि नगर निगम में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले के मास्टरमाइंड अभय राठौड़ के गुलाब बाग स्थित घर पर मिले बल्क नल कनेक्शन के बाद निगम को तीन और कनेक्शन मिल गए हैं। तीनों कनेक्शन सीधी लाइनों के माध्यम से जुड़े हुए थे, जो 24 घंटे पानी उपलब्ध कराते हैं। घर के पास और भी टैंकर मिले।



अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या राठौड़ रिश्तेदारों के जरिए पानी बेचने का कारोबार भी करता है। जांच में पता चला कि दूसरे टैंक में चलने वाले नल कभी बंद नहीं होते। जब कनेक्शनों का ब्योरा देखा गया तो पता चला कि दो कनेक्शन मेरे जीजा के नाम और एक मेरे अपने नाम पर है। शुक्रवार को अधिकारियों ने बड़ी मुश्किल से कनेक्शन ढूंढे तो पता चला कि वे सीधे सप्लाई लाइन से जुड़े हुए हैं। मामले में निगम राठौड़ के रिश्तेदार के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

**स्वस्थ्य आधार पर मिली जमानत-** नगर निगम में फर्जी बिल घोटाले के आरोपी राहुल वडेरा की पत्नी रेनू को जमानत मिल गई है। रेनू ने विभिन्न बीमारियों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की। उन्होंने आवेदन में यह भी कहा कि उन्हें इस घोटाले की कोई जानकारी नहीं थी। उनके पति ने उन्हें कागजों में डायरेक्टर बना दिया था। सारे कागजात वही तैयार करते थे। वह इसे मेरे पास हस्ताक्षर करने के लिए लाता था। अकाउंट में पैसा कहां से आ रहा है, कहां जा रहा है, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# बायो सीएनजी प्लांट के कार्य तीव्र गति से किए जाए: निगम आयुक्त

## प्लांट स्थल से कचरा हटवाकर निष्पादित कराने और साईट को क्लीयर करने के निर्देश



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने आदमपुर लैण्डफिल साईट का निरीक्षण किया और लैण्डफिल साईट से अनावश्यक कचरे को हटाने, दूसरी लैण्डफिल साईट का निर्माण शीघ्रता से करने, ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता के साथ चलाकर कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करने, बायो सीएनजी प्लांट स्थल पर पड़े कचरे को हटाकर निष्पादित करने और साईट क्लीयर करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने बायो सीएनजी प्लांट के कार्यों की गति बढ़ाने हेतु संबंधित कंपनी को पत्र लिखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन ने शुक्रवार को प्रातः आदमपुर छावनी स्थित निगम की लैण्डफिल साईट का निरीक्षण किया और कचरा निष्पादन, लैण्डफिल साईट, बायो सीएनजी प्लांट सहित अन्य कार्यों एवं पूर्व में निर्देशित कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने निष्पादन उपरांत अतिशेष कचरे को डम्प करने हेतु बनाई गई लैण्डफिल साईट से अनावश्यक कचरे को एक सप्ताह में निकलवाने, दूसरी लैण्डफिल साईट का कार्य भी तीव्र गति से करने तथा ट्रामल मशीनों को पूरी क्षमता के साथ चलाकर कचरे का निष्पादन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री नारायन ने बायो सीएनजी प्लांट के कार्यों का अवलोकन किया और प्लांट स्थल से कचरा हटवाकर निष्पादित कराने और साईट को क्लीयर करने के निर्देश दिए। नारायन ने संबंधित कंपनी को पत्र लिखकर डाईजेस्टर के कार्य सहित सभी कार्यों को तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए।

# नियमों का उल्लघन करने वाली समोसा फैक्ट्री पर जुर्माना



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम भोपाल ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक समोसा फैक्ट्री पर 2,000 रुपय का स्पॉट फाइन लगाया है। जोन नंबर 09 के अधिकारियों ने वार्ड 36 में स्थित फैक्ट्री पर यह कार्रवाई की, जब उन्होंने पाया कि फैक्ट्री द्वारा गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग निपटान नहीं किया जा रहा था।

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण के निर्देशों के अनुसार, जोन क्रमांक 09 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बलवीर मलिक ने स्थल पर निरीक्षण किया और फैक्ट्री को मिक्स कचरा देने के लिए जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई शहर की सफाई और कचरा प्रबंधन में सुधार के लिए निगम की निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

निगम ने नागरिकों और व्यवसायियों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की महत्वपूर्णता पर जोर दिया है, ताकि कचरे का प्रभावी ढंग से निष्पादन किया जा सके। इस तरह के जुर्माने से नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने और नियमों का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। यह घटना शहर के अन्य व्यवसायियों के लिए एक सबक है कि निगम के नियमों का पालन करना अनिवार्य है, और उल्लंघन करने पर उन्हें भी स्पॉट फाइन का सामना करना पड़ सकता है। निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह शहर की स्वच्छता को लेकर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा।

## डॉक्टरों बोले-माता-पिता टीकाकरण कार्यक्रम का पालन कर बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए

**भोपाल।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम (ईपीआई) की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण के प्रयासों की विरासत और पिछले पांच दशक में टीकाकरण के माध्यम से बचाए गए अनगिनत जीवन और संरक्षित समुदायों की याद दिलाता है। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के माध्यम से 90ः से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। हालांकि उम्र के पहले वर्ष में कवरेज अधिक है लेकिन पहले जन्मदिन के बाद से ड्रॉप-आउट दरें बढ़ जाती हैं। इसका नतीजा यह है कि देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही हो पाता है। टीकाकरण के महत्व पर कान्हा मैटरनिटी एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल के कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ ललिश झावर ने कहा, मैं सभी माता-पिता को से सलाह देता हूं कि वे अपने बच्चों के लिए संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करें। संक्रामक रोगों को रोकने औरहमारे बच्चों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए टीकाकरण एक प्रभावी तरीका है। टीकाकरण के माध्यम से हम अपने बच्चों को खतरनाक वायरस के खिलाफ सर्वोत्तम सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं और उन्हें मजबूत बनने में मदद कर सकते हैं।ß

1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों' की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिसरु एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं।

## यूक्लीन ने भोपाल में 499वां स्टोर लॉन्च कर शानदार मुकाम हासिल किया

**भोपाल।** भारत के प्रमुख लॉन्ड्री और क्लीनिंग सर्विस प्रोवाइडर, यूक्लीन, ने देश में तेजी से अपने विस्तार की घोषणा की। भारत के 155 शहरों में कंपनी के 499 स्टोर्स हैं। देश भर में आक्रामक तरीके से विस्तार करने के अभियान के कारण यूक्लीन भारत में लॉन्ड्री सर्विसेज प्रदान करने वाला प्रमुख नेटवर्क बन गया है। कंपनी ने आज भोपाल के महाराणा प्रताप नगर में अपना 499वां स्टोर लॉन्च किया है। 2024 में ब्रैंड ने मध्य भारत के मध्यप्रदेश में काफी तेजी और आक्रामक ढंग से से विस्तार का फैसला लिया है, जिसमें कंपनी का ध्यान खासतौर पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पर है। भोपाल में यूक्लीन का यह चौथा स्टोर है। इस लॉन्चिंग के साथ भोपाल शहर के कोने-कोने में यूक्लीन की सर्विसेज पहुंच गई है। यह विस्तार अपने आप में इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे यह पता चलता है कि ब्रैंड को देश भर में बड़े पैमाने पर लोगों ने अपनाया है। यूक्लीन के सीईओ और संस्थापक अरुणाभ सिन्हा ने विस्तार पर टिप्पणी करते हुए कहा, 卐हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि यूक्लीन ने पूरे देश में 499 स्टोर्स के नेटवर्कके साथ भारत के हर राज्य में अपनी पहुंच बनाई है। हम अब हर राज्य में मौजूद हैं। भोपाल में यह हमारा चौथा स्टोर है। इस लॉन्चिंग के साथ हम शहर भर में हर जगह अपनी सर्विस दे रहे हैं।यूक्लीन का देश भर के 150 से ज्यादा शहरों में विस्तारस्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि क्वॉलिटी सर्विस की डिमांड केवल भारत के मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है। अगर आप क्वॉलिटी देंगे तो लोग आपकी सर्विसेज का लगतार इस्तेमाल करेंगे।

## भोपाल के जितेन्द्र कुमार ओझा ने जीता द मनीमेकर, प्रतिष्ठित ब्रेसलेट के साथ इनाम में मिली अपनी 2 साल की सैलरी जितनी राशि

**भोपाल।** 42 वर्षीय जितेन्द्र कुमार ओझा भोपाल के रहने वाले हैं और वो प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं। उन्होंने पोकरबाज़ी द्वारा आयोजित द मनीमेकर पोकर टूर्नामेंट जीत लिया है। उन्हें इनाम के रूप में प्रतिष्ठित ब्रेसलेट और इतना पैसा मिला है, जोकि उनकी दो साल की सैलरी के बराबर है। यह सफलता पाने के लिये उन्होंने कुशलता और धैर्य का शानदार प्रदर्शन किया है। पोकर में जितेन्द्र का सफर करीब पाँच साल पहले शुरू हुआ था, जब उन्हें वर्चुअल चिप्स प्लेटफॉर्म पर खेलते हुए इसका पता चला। उन्होंने धीरे-धीरे अपनी कुशलताओं को निखारा और फिर पैसा कमाने के लिये पोकर खेलने लगे। उन्होंने बड़े इवेंट में एंट्री पाने के लिये अक्सर सैटेलाइट टूर्नामेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया। द मनीमेकर टूर्नामेंट में उनकी हालिया कामयाबी पोकर में उनकी तरक्की का एक नया अध्याय है। अपनी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बात करते हुए, जितेन्द्र ने खुशी जताई और कहा, ''मेरे हिसाब से द मनीमेकर में जीतना बेहतरीन है। टूर्नामेंट खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरा रोमांच बरकरार रहा। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद मैं टिका रहा और मैंने अपनी रणनीति पर फोकस किया। फाइनल टेबल की शुरूआत में मेरा स्टैक सबसे कम था, लेकिन आखिरकार मैं जीत गया।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी से उत्पन्न असंतोष

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष अनिल बाजपेई और महासचिव अरुण वर्मा ने आपूर्ति निगम के प्रबंधन पर आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार और वेतन भुगतान में देरी का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि नियमित कर्मचारियों को तो वेतन मिल चुका है, परंतु आउटसोर्स कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं दिया गया, जिससे उनमें गहरी नाराजगी है। इस अन्यायपूर्ण स्थिति के खिलाफ, बाजपेई और वर्मा ने आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक से तत्काल वेतन भुगतान की मांग की है और भविष्य में समय पर भुगतान करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि यह विलंब न केवल आउटसोर्स कर्मचारियों के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह उनके जीवनयापन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

इस मुद्दे को उठाते हुए, बाजपेई और वर्मा ने आपूर्ति निगम प्रबंधन के इस रवैये को अस्वीकार्य बताया है और इसे तत्काल सुधारने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह आउटसोर्स कर्मचारियों के बीच और अधिक असंतोष और तनाव पैदा करेगा। आपूर्ति निगम के प्रबंधन की इस कार्यप्रणाली को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष को देखते हुए, यह आवश्यक है कि उनके वेतन भुगतान की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। इससे न केवल कर्मचारियों की नाराजगी कम होगी, बल्कि

## भोपाल रेलवे कारखाने में एलएचबी व्हील मेंटेनेंस के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**भोपाल ।** पश्चिम मध्य रेल के सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा में एलएचबी व्हील सेट ओवरहॉलिंग का उन्नत कार्य संपन्न होता है। यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है, जो उत्पादन और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के लिए समर्पित है।

महाप्रबंधक के निरंतर प्रयासों से, सेंटर में पर्यवेक्षकों और कर्मचारियों को उत्पादकता, कार्य प्रबंधन, और तकनिकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सेंटर में एक कियॉस्क है जिसमें एलएचबी व्हील सेट के मैन्युअल, कम्पोनेट ड्राइंग, स्पेसिफिकेशन डिजाइन, और आरडीएसओ तथा रेलवे बोर्ड के महत्वपूर्ण निर्देश उपलब्ध हैं। रेल मॉनेटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से व्हीलों की डिजिटल रिकॉर्डिंग और माइक्रो लेवल पर एनालाइसिस संभव है। सेंटर में प्रदर्शन संकेतक डिस्प्ले है, जिसमें व्हील के आउटटर्न, एक्सल, डिस्क, व्हील डिस्क, सीटीआरबी रोलर बीयरिंग, और ऑयलर रिंग का रिजेक्शन एनालाइसिस दिखाया जाता है।

## वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन संस्था कार्यालय में

**भोपाल।** वार्षिक साधारण आम सभा सूचना रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल (म.प्र.) के सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि दिनांक 26.05.2024 दिन रविवार को समय प्रातः 10.00 से 12.00 बजे अपरान्ह तक वार्षिक साधारण आम सभा का आयोजन संस्था कार्यालय के सामने प्रस्तावित है। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय का ब्यौरा साझा करने के साथ-साथ आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिये आय के साधन एवं व्यय क्षेत्रो का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारण करने एवं कॉलोनी के विकास के लिये सभी आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। सभी सदस्यों से अनुरोध है वार्षिक साधारण आम सभा में अपनी उपस्थिति समय से दिया जाना सुनिश्चित करें।

## भोपाल से निरस्त की गई समर स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को होगी परेशानी

**भोपाल।** रेल प्रशासन ने अपरिहार्य कारणों की वजह से भोपाल मंडल से संचालित होने वाली दो जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों को निरस्त करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से प्रभावित होने वाली ट्रेनें रीवा-रानी कमलापति-रीवा और रानी कमलापति-माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन-रानी कमलापति हैं। गाड़ी संख्या 02174 और 02173ऱ रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, जो 15 जून से 27 जुलाई 2024 तक (7 फेरे) निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 01667 और 01668ऱ रानी कमलापति माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, जो 13 मई से 24 जून 2024 तक (7 फेरे) निरस्त रहेगी।

## अर्थशाईन: पृथ्वी की चमक से रोशन होगा चंद्रमा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आज शाम, जब आप शुक्ल पक्ष चतुर्थी के अवसर पर पश्चिम दिशा में चंद्रमा की ओर नजरें उठाएंगे, तो आपको एक अद्भुत खगोलीय दृश्य देखने को मिलेगा। चंद्रमा का हंसियाकार भाग तो तेज चमक रहा होगा, लेकिन उसका बाकी हिस्सा भी हल्की चमक के साथ पूर्णता की झलक प्रस्तुत करेगा। यह खगोलीय घटना, जिसे 'अर्थशाईन' या 'दा विंची चमक' कहा जाता है, साल में केवल दो बार ही देखी जा सकती है।

### अर्थशाईन की विशेषताएं

**अर्थशाईन:** चंद्रमा का अप्रकाशित भाग, जो पृथ्वी से परावर्तित सूर्य के प्रकाश से रोशन होता है।

**प्रतिशत परावर्तन:** चंद्रमा सूर्य के प्रकाश का लगभग 12त्न परावर्तित करता है, जबकि पृथ्वी लगभग 30 प्रतिशत प्रकाश परावर्तित करती है।

**दा विंची चमक:** लियोनार्डो दा विंची ने 1510 के आसपास इस घटना की अवधारणा को स्केच के माध्यम से प्रस्तुत किया था।

**अंतर्राष्ट्रीय नामकरण:** वदेशों में, इस घटना को 'अशेन ग्लो' या 'नये चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा' के रूप में भी जाना जाता है।



# अरेरा हिल्स पुलिस ने तेजी से कार्रवाई कर यूट्यूबर पर हमले के आरोपियों को धर दबोचा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अरेरा हिल्स पुलिस ने महज 48 घंटों के भीतर उस घातक हमले के आरोपियों को पकड़ लिया, जिसमें लोकप्रिय यूट्यूबर और मीम क्रिएटर भूपेन्द्र जोगी को निशाना बनाया गया था। रोशनपुरा के बापू की कुटिया के पास हुए इस जानलेवा हमले के लिए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**आरोपियों ने जानलेवा हमले के लिए ली थी 50,000 रुपये की सुपारी:** पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में, वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में, और पुलिस उपायुक्त जोन-2, श्रीमती श्रध्दा तिवारी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2, श्री महावीर मुजाल्दे के मार्गदर्शन में, तीन विशेष दलों का गठन किया गया था। तकनीकी साधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की गई।

**घटनाक्रम की जांच में तेजी:** 7 मई, 2024 को, भूपेन्द्र जोगी ने पिपुल्स हॉस्पिटल, मालवीय नगर, भोपाल में घायल अवस्था में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि न्यूमार्केट में उनकी गारमेंट की दुकान है और रात करीब 9.30 बजे दुकान बंद करके वे अपनी एक्टिवा से घर जा रहे थे, जब उन पर हमला किया गया। दो आरोपियों ने उन पर छुरी से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

**आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराधिक रिकॉर्ड:** पुलिस उपायुक्त जोन 02 द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10,000 रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अरेरा हिल्स पुलिस टीम ने बापू की कुटिया, रोशनपुरा चौराहा, और न्यूमार्केट क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से अध्ययन किया। इस जांच के दौरान, तीन संदिग्धों की पहचान की गई, जिन्होंने बाद में हमले की योजना और उसके निष्पादन को स्वीकार किया। इस घटना की जांच जारी है, और पुलिस अधिकारी अन्य संदिग्धों की तलाश में जुटे हुए हैं। यह मामला न केवल भोपाल के नागरिकों के लिए, बल्कि सोशल मीडिया पर सक्रिय रचनाकारों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहें।

## अशोका गार्डन में रेड के बाद थाना प्रभारी सस्पेंड, अन्य पुलिसकर्मियों पर भी हो सकती है कार्रवाई

**भोपाल।** अशोका गार्डन में खत्री परिवार के घर पर हुई रेड के मामले में थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है। रेड के बाद, जिस कमरे में पैसे रखे गए थे, उसे ताला लगाकर पुलिसकर्मी गायब हो गए। इसके बाद, पैसों से भरे बैग को घर से कहीं और शिफ्ट कर दिया गया। सीसीटीवी कैमरे में पैसे ले जाते हुए लोगों को देखा गया। सूत्रों के अनुसार, सिविल ड्रेस में आए पुलिसकर्मियों ने भी पैसों से भरे तीन बैग ले गए। थाना प्रभारी के सस्पेंशन के बाद कार्रवाई में शामिल अन्य पुलिसकर्मी भी अधिकारियों के रडार पर हैं। एक पुलिसकर्मी के मोबाइल से पैसों को ले जाने की रिकॉर्डिंग मिली है।

हेड कांस्टेबल मेघ खत्री, आरक्षक राहुल राणा, आरक्षक देवेंद्र गुर्जर, आरक्षक महेंद्र जाट, और आरक्षक अविनाश कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद थे। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल रिकॉर्डिंग के आधार पर, जल्द ही कई और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। कुछ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नहीं थी, फिर भी वे मौके पर पहुंचे थे। इस घटना की गहराई से जांच की जा रही है, और अधिकारी इस मामले में शामिल सभी पुलिसकर्मियों की जांच कर रहे हैं।

फ्लिपकार्ट ने एक बिल्कुल नई सरलीकृत रेट कार्ड नीति की घोषणा की

?बेंगलुरु। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने एक बिल्कुल नई सरलीकृत रेट कार्ड नीति की घोषणा की है। इसका उद्देश्य फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना और सेटलमेंट में अधिक स्पष्टता लाना है। 18 मई, 2024 से प्रभावी हो रहे नए रेट कार्ड की मुख्य विशेषताओं में सरलीकृत रेट कार्ड स्ट्रक्चर और किफायती एफबीएफ दरें शामिल हैं,जिनसे बड़े पैमाने पर परिचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है। इनके अलावा, एक अपडेटेड शिपिंग नीति भी इसका हिस्सा है, जो विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को उचित मूल्य प्रदान करने में सक्षम बनाती है। सरलीकृत रेट कार्ड के माध्यम से यह परिवर्तनकारी पहल विकास के समान अवसरों को बढ़ावा देगी। यह पहल विक्रेताओं को सशक्त बनाने की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस पहल के बारे मेंराकेश कृष्णन, वाइस प्रेसिडेंट एवं प्रमुख दृ मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने कहा, 卐एक घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी के रूप में हम मानते हैं कि ई-कॉमर्स के लगातार बदलते परिदृश्य में ढलना विक्रेताओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। हमारी तरफ से किए गए ये परिवर्तन विक्रेताओं के साथ हमारी सतत बातचीत का प्रतिबिंब हैं।जटिलताएं कम करके और स्पष्ट सेटलमेंट सुनिश्चित करके हमारा लक्ष्य फ्लिपकार्ट पर व्यापार को सहज और अधिक फायदेमंद बनाना है। रेट कार्ड को रीडिजाइन करने का यह कदम पूरे भारत में विक्रेताओं के विशाल नेटवर्क के लिए परिचालन को सुव्यवस्थित करने और मजबूत समर्थन प्रदान

# विरासत टैक्स लगाकर कांग्रेस गरीबों के खून पसीने की कमाई छीन लेगी : विष्णुदत्त शर्मा




## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जानापाव में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर जावद विधानसभा के सरवनिया महाराज में रोड शो किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में नीमच जिले के जावद विधानसभा स्थित सरवनिया महाराज में रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर से लेकर दक्षिण, पूर्व से लेकर पश्चिम तक देश की जनता नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय कर चुकी है। देश की जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए ही वोट कर रही है। आप लोगों ने कांग्रेस की सरकारें भी देखी हैं। मध्यप्रदेश में 2003 से पहले कांग्रेस की सरकार थी, तब लोगों को सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता था। कांग्रेस सरकार ने लोगों को पीने के पानी के लिए तरसाया है। 2014 में नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से पीने का पानी पहुंचाया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रोड और जनसभा से पहले इंदौर जिले जानापाव पहुंचकर भगवान परशुराम की जयंती पर पूजा-अर्चना कर मध्यप्रदेश की जनता की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। रोड शो के बाद आयोजित जनसभा को पार्टी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद 55 से 60 साल तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने गरीबी हटाने के लिए कोई कार्य नहीं किया। कांग्रेस सरकार ने सिर्फ गरीबी हटाने का नारा देकर वोट लेने का कार्य किया। लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ी व कच्चे मकानों में रहने वाले देश के 4 करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाए जा चुके हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाए जाने हैं। मैं आप सभी लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की तरफ से यह गारंटी देता हूं कि जिन गरीबों को अभी तक पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान नहीं बने हैं, नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद सभी के पक्के मकान बन जाएंगे। आप भाजपा के मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर दिल्ली भेजें, भाजपा सरकार क्षेत्र में विकास की गंगा बहायेगी। प्रधानमंत्री जी ने जब जनधन योजना के तहत देश के गरीबों के बैंक खाते खुलवाए, कांग्रेस सहित विपदल सवाल उठाते थे, हंसते थे कि गरीबों के बैंक खाते किसलिए खुलवा रहे। आज उन्हीं बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना सहित भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार की गरीब कल्याण और लाभार्थी योजनाओं की राशि सीधे बैंक खाते में आ रही है। कांग्रेस नेता स्व. राजीव गांधी प्रधानमंत्री रहते कहते थे कि मैं दिल्ली से एक रूपएगरीबों के लिए भेजता हूं, गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं, बाकी 85 पैसे दलाल और बिचौलिए खा लेते हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए डीबीटी योजना लागू की और आज सभी लाभार्थी योजनाओं की राशि बैंक खाते में आ रही है। मोदी जी दिल्ली से किसी गरीब के लिए एक रूपए भेजते हैं तो गरीब को एक रूपए ही मिलते हैं, एक भी पैसे का गबन या भ्रष्टाचार नहीं होता। प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बना रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि भारत में विरासत टैक्स लगाना चाहिए। विरासत टैक्स अमेरिका व यूरोपीय देशों में लगता है। इस टैक्स में किसी व्यक्ति की मौत होने के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाता है। यानी कांग्रेस देश के लोगों की खून-पसीने की कमाई से बनाई गई संपत्ति भी छीनना चाहती है। अगर धोखे से कांग्रेस की सरकार कभी बनी तो विरासत टैक्स लगाकर वह बच्चों से उनके माता-पिता द्वारा दिन-रात मेहनत कर बनाई गई संपत्ति भी छीन लेना चाहती है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण देने का कार्य शुरू कर दिया है। कांग्रेस यही नियम देशभर में लागू करके एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनना चाहती है। ाण छीनने को लेकर माफ नहीं करेगी।

परशुराम जयंती के मौके पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने इंदौर जिले में स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचकर परशुराम की पूजा-अर्चना की। शर्मा ने भगवान परशुराम से प्रदेश व देशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# कांग्रेस की सोच भारतीय नहीं रही वह परंपराओं से कट गई : शिवराज सिंह चौहान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

## पूर्व मुख्यमंत्री ने मंदसौर और रतलाम लोकसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं की

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, शुक्रवार को मंदसौर और रतलाम लोकसभा पहुंचें और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रोड-शो कर जनसभाओं को संबोधित किया। पूर्व सीएम ने मंदसौर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में जावद और नगरी में चुनावी सभाएं की और रतलाम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अनीता नागर के समर्थन में सैलाना और बिरमावल में जनसभा को संबोधित किया। पूर्व सीएम ने भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर भोपाल स्थित गुफा मंदिर पहुंचें और सभी देश व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।

इस दौरान चौहान ने मंडली के साथ मंच पर बैठकर भजन भी गाया। पूर्व सीएम ने कहा कि, हम सभी को सद्बुध्दि मिले, अच्छे काम कर के अपने मानव जीवन को सफल और सार्थक बनाएं यही भगवान परशुराम के चरणों में प्रार्थना है। हम सबका कर्तव्य है कि, हम भी न्याय पथ पर चलें, जीना वास्तव में उसी का जीना है जो दूसरों के लिए जीता है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, इंडी गठबंधन के नेता बौद्धिक दिवालियापन के शिकार हैं, उन्होंने बुद्धि और विवेक खो दिया है। उन्होंने कहा कि, मणिशंकर जी ये यूपीए की ढीली-ढाली सरकार नहीं है। आज भारत के प्रधानमंत्री 56 इंच के सीने वाले हैं और भारत ने साफ कहा है कि, हम सब के कल्याण में विश्वास रखते हैं, विश्व का कल्याण हो। हम अपनी तरफ से किसी को छेड़ेंगे नहीं और हमें कोई छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे भी नहीं। भारत डरने वाला नहीं है। जो डरपोक लोग हैं, वो सब इंडी गठबंधन में ही हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि, ये राजनीति के जोकर बन गए हैं, मणिशंकर अय्यर हों, सैम पित्रोदा हों, संजय राउत हों इनको कोई गंभीरता से नहीं लेता है।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस वामपंथियों और एनजीओ की बंधक है। एक सैम पित्रोदा है, जो स्वर्गीय राजीव गांधी जी के सलाहकार रहें हैं और राहुल गांधी के गुरू हैं। वो कह रहें हैं कि, भारत में विरासत टैक्स लगाना चाहिए। विरासत टैक्स का मतलब है कि, अगर माता-पिता की मौत हो जाती है तो उनकी अर्जित की हुई सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खजाने में चला जाएगा और उनके बेटे-बेटी को केवल 45 प्रतिशत ही मिलेगा। भारत में गरीब, मजदूर अपना पेट काट काटकर कुछ बचा पाता है कि, उनके जाने के बाद बच्चों को कुछ देकर जाएं, और कांग्रेस इनसे ये भी छीन लेना चाहती है। पूर्व सीएम ने कहा कि, ये कांग्रेस भारत की माटी से कट गई है, भारत की परंपराओं से कट गई है, इनकी सोच भारतीय नहीं रही है। कांग्रेस वामपंथियों और एनजीओ की बंधक है।

# विदिशा से ड्यूटी कर भोपाल लौटते सड़क दुघर्टना में घायल आरक्षक की मौत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विदिशा से ड्यूटी कर भोपाल लौट रहे आरक्षक की कार को सांची के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक की मौत हो गई। जबकि कार में सफर कर रहे उसके दो साथी घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल विदिशा में भर्ती कराया गया है। भोपाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर डायरी सांची पुलिस को भेज दी है।

विदिशा जीआरपी में पदस्थ आरक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सोनू शर्मा भोपाल के खजानकी बाग में रहते हैं। वह जीआरपी विदिशा में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। गुरुवार रात करीब 10:30 बजे ड्यूटी पूरी कर वह अपने साथी उदयवीर और लक्ष्मण के साथ कार से भोपाल लौट रहा था। सोनू की कार जब सांची के नजदीक पहुंची, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक सोनू शर्मा और उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल विदिशा भेजा गया। यहां डॉक्टर्स ने मेडिकल जांच के बाद सोनू शर्मा को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रैफर किया था। बकौल मनोज कुमार, सोनू शर्मा, जिस कार में सफर कर रहे थे, वह कार विदिशा जीआरपी थाना प्रभारी की है। इलाज के लिए सांची से भोपाल रैफर हुए सोनू शर्मा को हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर्स ने मेडिकल जांच के बाद गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात मृत घोषित कर दिया। हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर्स ने सोनू को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे अटेडेंट को बताया कि मरीज की करीब आधा घंटे पहले मौत हो चुकी है। इसके साथ कोहेफिजा पुलिस को आरक्षक सोनू शर्मा की मौत की सूचना दी। इस पर पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। विदिशा जीआरपी में पदस्थ आरक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सोनू कार में आगे ड्राइवर के बगल से बैठा हुआ था। ट्रक की टक्कर से सोनू के सिर से खून का फव्वारा फूट गया। विदिशा जिला अस्पताल में डॉक्टर्स ने सोनू को फर्स्ट एड दिया था। बावजूद इसके उसके सिर से ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही थी। इसके चलते डॉक्टर्स ने सोनू को भोपाल के हमीदिया अस्पताल रैफर किया था। सोनू शर्मा के बहनोई राजीव चौबे ने बताया कि ससुर अयोध्या प्रसाद शर्मा रेलवे में सीनियर आरक्षक थे। तीन साल पहले हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई थी। दो साल पहले उन्हीं के स्थान पर सोनू शर्मा की आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति हुई थी। सोनू अपनी ड्यूटी के लिए रोजाना भोपाल से विदिशा जाता था। गुरुवार को भी वह सामान्य दिनों की तरह ड्यूटी से भोपाल लौट रहा था, तभी रास्ते में हुए हादसे में उसकी मौत हो गई।

# सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**भोपाल।** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय ने मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'भारतीय ज्ञान परंपरा- विविध संदर्भ' विषय पर एक गहन संगोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में जेएनयू और केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार के प्रतिष्ठित विद्वानों ने भारतीय चिंतन और दर्शन की अमूल्य परंपराओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित कुमार (जेएनयू) उन्होंने प्राचीन भारत के सांस्कृतिक एकीकरण और इसकी विश्व सभ्यताओं में अनूठी स्थिति पर विचार व्यक्त किए। डॉ. सनत कुमार (केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार) ने भारतीय चिंतन परंपरा में नवीन संभावनाओं और जीवन के प्रतिवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने औपनिवेशिक काल के शिक्षा में परिवर्तन और वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ज्ञान परंपरा की आवश्यकता पर जोर दिया। 'स विद्या य विमुक्तये' के माध्यम से शिक्षा के भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित अर्थ को विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया।

अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया, जिससे एक सक्रिय और ज्ञानवर्धक चर्चा का माहौल बना। डॉ. अर्चना चौहान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और डॉ. मनीषा शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस आयोजन में वर्चुअल और भौतिक रूप से बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्राओं और अन्य विद्वानों ने भाग लिया, जिससे इस संगोष्ठी को एक व्यापक पहुंच प्राप्त हुई। इस तरह के आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा को समझने और उसे आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो उसके चाचा को भेजा, दो पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने एक नाबालिग से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने एवं उसका वीडियो बनाकर पीड़िता के चाचा को भेजने के मामले में दो किशोरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ छेड़छाड़, पोक्सो एवं आइटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ईंटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी आठवीं कक्षा की छात्रा है। किशोरी घर के पास रहने वाली महिला के घर उसका भतीजा अक्सर आया करता था। धीरे-धीरे किशोरी का भी उससे परिचय हो गया। उनके बीच बातचीत भी होने लगी थी। एक दिन किशोरी घर में अकेली थी, तभी महिला का भतीजा अपने एक दोस्त के साथ किशोरी के घर पहुंचा। किशोरी को अकेला पाकर उसने उसके साथ सेल्फी लेने के बहाने अश्लील हरकत करना शुरू कर दी। इस घटना का उसके दोस्त ने चुपचाप वीडियो बना लिया था।

इस घटना के बाद किशोरी ने उससे बातचीत करना बंद कर दी। तो वह किशोरी का पीछा करने लगा। परेशान होकर किशोरी ने घर से बाहर निकलना कम कर दिया तो उसने अश्लील हरकत करने वाला वीडियो किशोरी के चाचा के फोन पर वाट्सएप पर भेज दिया। आरोपित किशोरी के समाज के ही थे। इस वजह से मामला थाने तक नहीं पहुंचा था। उधर जब दोनों किशोरी को लगातार परेशान करने लगे, तो वह स्वजन के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करा दी।

## पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। पहले, दूसरे और तीसरे चरण के सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो चुका है। चौथे व प्रदेश में अंतिम चरण में शेष रहे 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा। राजन ने बताया कि चौथे व प्रदेश में अंतिम चरण के मतदान के एक दिन पहले और मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित कराना होगा। कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे।

# एम्स में दुर्लभ रक्त विकार से पीड़ित महिला की तिल्ली का लेप्रोस्कोपी से सफल ऑपरेशन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में एम्स भोपाल के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने उन्नत लेप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग करके दुर्लभ रक्त विकार से पीड़ित एक महिला की बड़ी तिल्ली को सफलतापूर्वक हटा दिया गया ।

एम्स, भोपाल के हेमेटोलॉजी विभाग में लगभग तीस वर्षीय युवा एक महिला अपने इलाज के लिए आयी। शुरूआती जाँच से पता चला कि वह वंशानुगत स्फेरोसाइटोसिस बीमारी से पीड़ित है । इस स्थिति में प्लीहा अथवा तिल्ली जिसे लाल रक्त कोशिकाओं का कब्रिस्तान भी कहा जाता है, अपने जन्मजात संरचनात्मक दोष के कारण युवा लाल रक्त कोशिकाओं को खत्म कर देता है। उसे बचपन से ही बार-बार पीलिया और एनीमिया हो रहा था और एनीमिया को ठीक करने के लिए उसे कई बार रक्त चढ़ाने की भी जरूरत पड़ी। मरीज की तिल्ली हटाने के लिए उसे सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में भेजा गया। विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विशाल गुप्ता ने जब उसका मूल्यांकन किया तो उसकी तिल्ली बहुत बढ़ी हुई पायी गयी थी। यह बड़ी तिल्ली पेट में दर्द और बेचैनी उत्पन्न कर रही थी। प्रारंभ में हमने इसे पारंपरिक सामान्य ऑपरेशन के द्वारा हटाने के बारे में सोचा। हालाँकि, उसकी कम उम्र और छोटे बच्चों को देखते हुए, हमने मरीज के लाभ के लिए लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की योजना बनाई। लैप्रोस्कोपिक प्लीहा हटाना एक तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है और आमतौर पर इसे बहुत बड़ी प्लीहा के साथ विशेष रूप से नहीं अपनाया जाता है डॉ. विशाल ने कहा।

डॉ. विशाल गुप्ता और उनकी टीम ने एनेस्थीसिया की अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. पूजा के साथ मिलकर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया । मरीज के पूरी तरह से ठीक होने पर अब उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रोफेसर अजय सिंह ने कहा, हमारा दायित्व समाज के वंचित वर्ग को न्यूनतम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करना है उन्होंने चुनौतीपूर्ण मामले का सफलतापूर्वक निस्तारण करने पर गैस्ट्रोसर्जरी टीम को बधाई दी।

# सुरक्षा उपकरणों का सही प्रयोग करने को लेकर एम्स के नर्सिंग स्टाफ ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य देखभाल वितरण की आधारशिला के रूप में काम करती हैं। हमारी नर्सों में निवेश हमारे भविष्य में निवेश है, हमारे नर्सिंग पेशेवरों का समर्पण और विशेषज्ञता न केवल मरीजों की भलाई में योगदान देती है, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की भी अपार संभावनाएं रखती है। एम्स भोपाल की नर्सिंग सेवाओं द्वारा नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से 6 में से 13 मई तक नर्स सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में एम्स भोपाल में चल रहे निर्माणाधीन क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा उपकरणों का सही तरीके से प्रयोग करने को लेकर 09.05.2024 को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बताया गया कि सावधानी अपनाकर चोट से कैसे बचा जा सकता है। अलग - अलग परिस्थितियों जैसे ऊंचाई पर काम करते समय, सीढ़ी पर चढ़ते समय, विद्युत् उपकरणों का प्रयोग करते समय किन बातों का ध्यान रखे इत्यादि बातें बताई गयी। इसी सिलसिले में रायसेन जिले के आशापुरी गांव में 9 और 10 मई को कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान गांव वासियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए और आवश्यक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए के लिए यह एक्टिविटी आयोजित की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों का व्यक्तिगत स्वच्छता और पर्यावरण स्वच्छता के महत्व को बताकर टीकाकरण के बारे में जागरूकता फैलाना भी था। आशापुरी गांव में लोगों को घर-घर जाकर यह जानकारी दी गई।



**त्वरित टिप्पणी**

**गोपाल कृष्ण छिब्बर**

# स्वस्थ लोकसभा चुनाव और प्रजातंत्र के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत ?

यह न्यायिक इतिहास का पहला निर्णय है जिसमे सुप्रीम कोर्ट ने स्वमेव कहा कि क्यों ना चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत दी जाए जबकि अरविंद केजरीवाल ने जमानत का कोई आवेदन नहीं दिया था कानून मे जमानत आवेदन देने का प्रावधान है परन्तु उसका लाभ नही लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट सर्वोच्च है पीड़ित पक्षकार के लिए विधिसम्मत राहत देने का अंतर निहित अधिकार है परंतु अरविंद केजरीवाल को 21 दिन चुनाव प्रचार करने की अंतरिम राहत देना चर्चा का विषय बन गया है क्या इससे जनतंत्र मजबूत होगा चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी माना जाएगा इसे सबको समान अवसर समझा जायेगा क्या जेलों में बंद भ्रष्ट नेता, अपराधी, माफिया भी चुनावी प्रक्रिया के लिए अंतरिम जमानत प्राप्त कर सकते हैं विचारणीय प्रश्न बन गए है यह वास्तविकता हैं कि प्रजातंत्र में गुणों का महत्त्व कम और संख्या का महत्व ज्यादा है इसमे नैतिकता और मूल्यों का कोई स्थान नही है संविधान में भी नैतिकता का कोई अध्याय नही है

हमारे संविधान के रचनाकारों ने यह नहीं सोचा था कि भ्रष्ट और अपराधिक छबि के भी जननेता विधायक ,सांसद मंत्री मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और न्यायपालिका नैतिकता के लिए सविधान के प्रावधान की विवेचना करेगी। सुप्रीम कोर्ट कानून की विवेचना के लिए स्वतंत्र है असीम अधिकार है वह संसद के बनाए कानून को भी रद्द कर सकती है तो चुनाव के प्रचार के लिए जमानत देकर जो उदार दृष्टिकोण प्रदर्शित किया हैं इससे जनतंत्र सबल होगा

मजबूत होगा यह विचारणीय प्रश्न अवश्य बन गया है

देश की जेलों में हजारों आरोपी जमानतदार ना होने के कारण सड़ रहे हैं बड़े वकील नही है जमानत पर सुनवाई नही हो पा रही इस पर भी सुप्रीम कोर्ट को स्वयं संज्ञान लेना चाहिए लेकिन सर्वोच्च न्यायलय में आए दिन हाई प्रोफाईल याचिकाओं की सुनवाई और राहत भी चर्चा का विषय बन गया हैं।

हालांकि अरविंद केजरीवाल को शर्तों पर केवल 21 दिन की अंतरिम जमानत दी है जिसमे केवल चुनाव प्रचार कर सकेंगेद्ब

मुख्यमंत्री कार्यालय और सचिवलय नही जा सकेंगे किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे शराब कांड पर कोई टिपण्णी नहीं करेंगे तथा वे किसी गवाह से और मामले से जुड़े अधिकारियों से चर्चा नही करेंगे ओर 2 जून को उन्हें समर्पण करना होगा इससे कोई पहाड़ नही टूटने वाला लेकिन कानून के समक्ष समानता पर सवाल तो उठेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जमानत पर अंतर्राष्ट्रीय नजर क्यों है जबकि दिल्ली से बड़े झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ऐसी राहत नहीं पा सके है कई आतंकी और अपराधिक छबि के गिरफ्तार नेता भी चुनाव के लिए अंतरिम जमानत का आवेदन लगाने वाले हैं उन पर क्या निर्णय होगा यह देखना होगा।

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व

-ललित गर्ग-

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं।

विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है।हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है।

# एमपी की राजनीति में क्यों घट रही ब्राह्मणों की वजनदारी, छत्तीसगढ़ का अलग होना या कोई और है वजह

ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम की 10 मई को जयंती है। इस लेख में हम बात करते हैं मध्यप्रदेश की राजनीति में ब्राह्मणों के दखल की।

प्रदेश की राजनीति में एक समय ऐसा था जब ब्राह्मण ही इसका केंद्र बिंदु था या यूं कहें कि ब्राह्मणों का वर्चस्व हुआ करता था, लेकिन आज स्थिति इसके उलट है।

ब्राह्मणों की संख्या और रसूख दोनो में कमी आई है। क्या इसकी वजह छत्तीसगढ़ गठन के बाद बड़े ब्राह्मण नेताओं का मध्यप्रदेश से पलायन था या कोई और भी वजह थी। चलिए सिलसिलेवार समझते हैंज

34 साल, पांच सीएम और 20 साल का शासन

1 नवंबर 1956 में मध्य प्रदेश राज्य के गठन के बाद साल 1990 तक पांच ब्राह्मण मुख्यमंत्रियों ने लगभग 20 वर्षों तक शासन किया।

राज्य के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के पंडित रविशंकर शुक्ल थे जबकि कांग्रेस के ही श्यामा चरण शुक्ल वर्ष 1990 में ब्राह्मण समाज से आने वाले प्रदेश के आखिरी मुख्यमंत्री थे।

इस बीच में कांग्रेस के कैलाश नाथ काटजू और द्वारका प्रसाद मिश्र मुख्यमंत्री रहे।

वहीं 1977 में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार का नेतृत्व करने वाले जनसंघ के नेता कैलाश चंद्र जोशी ने मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की बागडोर थामी।

शुरुआती दौर में ब्राह्मणों के वर्चस्व की यह रही वजह

शुरुआती दौर में ब्राह्मणों के वर्चस्व की एक वजह देश की आजादी से जुड़ी हुई है। स्वतंत्रता की लड़ाई में ब्राह्मणों की भूमिका अहम रही।

साल 2013 में बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में ग्वालियर स्थित जीवाजी राव विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र के अध्यापक प्रोफेसर एपीएस चौहान ने बताया था कि स्वतंत्रता संघर्ष में शामिल ज्यादातर लोग गांव के स्तर पर शिक्षक थे।

उस समय ज्यादातर ब्राह्मण ही पढ़े लिखे होते थे। जब आजादी आई तो उन लोगों को नेतृत्व मिलना स्वाभाविक था।

## ब्राह्मणों के वर्चस्व का स्वर्णिमकाल

साल 1957 से 1967 तक कांग्रेस के आधे से ज्यादा विधायक उच्च जाति के होते थे और उनमें से भी 25 फीसदी से ज्यादा अकेले ब्राह्मण थे।

वर्ष 1967 में 33 फीसदी विधायक ब्राह्मण समाज से थे। श्यामा चरण शुक्ल जब 1969 में पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उनके 40 मंत्रियों में से 23 ब्राह्मण थे।

शुरुआत में ब्राह्मण नेतृत्व को इसलिए नहीं मिली चुनौती

शुरुआती दौर के ब्राह्मण नेताओं ने सभी वर्गों को साथ लेकर सर्वांगीण विकास की बात की। इसलिए उनके नेतृत्व



को किसी ने चुनौती नहीं दी।

अटल बिहारी वाजपेयी केवल मध्य प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत में ब्राह्मणों के सबसे बड़े चेहरे के रूप में उभरे, लेकिन उन्होंने कभी भी जाति के आधार पर ब्राह्मणों को आगे नहीं बढ़ाया।

इधर 1980 के बाद सामंतशाही ने ब्राह्मण नेतृत्व (Brahmin in MP Politics) को आगे नहीं बढ़ने दिया।

1980 के बाद जातिगत राजनीति का बोलबाला

देश में 1980 के दशक के बाद जातिगत राजनीति का बोलबाला हो गया। 1989 में बीवी सिंह सरकार के समय आए मंडल कमीशन ने इसे और हवा दी।

राजनीतिक विश्लेषक जयराम शुक्ल कहते हैं कि मंडल कमीशन के बाद देश में खासकर हिंदी बेल्ट के राज्यों में पिछड़ों की राजनीति से जोर पकड़ लिया।

जिससे धीरे-धीरे राजनीति में ब्राह्मणों का दखल (Brahmin in MP Politics) कम होता गया। इससे मध्यप्रदेश भी अछूता नहीं रहा।

## इस तरह राजनीति में शुरु हुआ पतन

बीबीसी में दिये एक इंटरव्यू में रीवा स्थित एपीएस विश्वविद्यालय में इतिहास के अध्यापक रह चुके प्रोफ़ेसर सरकार ने बताया था कि 80 के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने श्यामा चरण शुक्ल के कद को छोटा करने के लिए मोतीलाल वोरा और सुरेश पचौरी जैसे ब्राह्मण नेताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश की।

1985 में जब अर्जुन सिंह पंजाब के राज्यपाल बनाए गए तो वोरा को मुख्यमंत्री बना दिया गया। वोरा एक राजस्थानी ब्राह्मण (Brahmin in MP Politics) थे जिनका स्क्कमें कोई बड़ा जनाधार नहीं था।

अर्जुन सिंह ने ब्राह्मणों के राजनीतिक वर्चस्व को कम करने के लिए एक तरफ़ तो नए ब्राह्मण नेताओं को बढ़ावा दिया दूसरी तरफ़ ठाकुरों और आदिवासी तथा पिछड़े वर्गों का राजनीतिक गठजोड़ बनाया।

मध्यप्रदेश के विभाजन ने कर दी कसर पूरी

साल 2000 में छत्तीसगढ़ के मध्यप्रदेश से अलग राज्य बन जाने के कारण मोतीलाल वोरा और शुक्ल बंधु छत्तीसगढ़ चले गए।

जिसके कारण मध्यप्रदेश में ब्राह्मण नेताओं के दबदबे में और कमी आ गई। अर्जुन सिंह ने सुरेश पचौरी को आगे जरुर बढ़ाया लेकिन वो हमेशा राज्य सभा के माध्यम से केंद्र की राजनीति करते रहे।

तीन दशक से ब्राह्मण मुख्यमंत्री नहीं

तीन दशकों से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी मध्यप्रदेश में हालत ये है कि कोई ब्राह्मण मुख्यमंत्री (Role of Brahmin in MP Politics) नहीं बन सका है।

पूर्व ब्रूस और विचारक राजीव शर्मा बताते हैं कि एमपी में सांसद हो या विधायकज्ब्राह्मण जन प्रतिनिधि की संख्या लगातार घटी (Brahmin Participation Less in MP Politics) है।

बीजेपी सरकार की मौजूदा कैबिनेट में ब्राह्मण विधायक और कांग्रेस की प्रथम पंक्ति में मिली ब्राह्मणों को जिम्मेदारी का जब हम आंकलन करते हैं तो पता चलता है कि दल चाहे कोई भी हो ब्राह्मण आज राजनीति में हाशिये पर ही दिखाई देता है।

## जातिगत आरक्षण से जुड़ी राजनीति

ब्रिटिश शासन के बाद से अभी तक देश में जातिगत जनगणना नहीं हुई। बावजूद इसके देश में सबसे ज्यादा ओबीसी की हिस्सेदारी मानते हुए ओबीसी की भागीदारी के विचार ने जोड़ पकड़ लिया।

राजनीतिक पार्टियों में एक स्पर्धा शुरु हुई कि इस वर्ग का कौन बड़ा हितैषी है। राजनीतिक विश्लेषक जयराम शुक्ल हकीकत को इससे उलट मानते हैं।

जयराम शुक्ल के अनुसार सुप्रीम कोर्ट तक में भी आज तक तथ्यात्मक रूप से ऐसा कोई आंकड़ा प्रस्तुत नहीं हुआ है जिससे ये पता चल सके कि किस जाति की देश में कितनी जनसंख्या है।

## राहुल का जातिगत जनगणना एमपी में मुद्दा नहीं

कांग्रेस लीडर राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना (Caste Census) को मुद्दा बनाया, लेकिन ये मध्यप्रदेश में मुद्दा ही नहीं बन सका।

लोकसभा चुनाव में प्रदेश कि किसी भी सीट पर जातिगत जनगणना को लेकर कांग्रेस फ्रंट लाइन पर नहीं दिखी। राजनीतिक पंडितों की मानें तो इसे लेकर खुद कांग्रेस में दो विचारधारा रही।

हालांकि प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण (OBC Reservation) देने का काम कमलनाथ सरकार में हुआ। ये बात और है कि लोगों ने इसे कोर्ट में चैलेंज कर दिया।

## क्या कहते हैं आंकड़े

मोहन कैबिनेट में 11 मंत्री ओबीसी वर्ग से हैं

शिवराज कैबिनेट में 12 मंत्री इसी वर्ग से थे

कमलनाथ सरकार में यह आंकड़ा 7 का था

मोदी सरकार में 27 मंत्रियों का संबंध इसी वर्ग से

बीजेपी ने भी की रिझाने की कोशिश

मध्यप्रदेश शासन द्वारा 13 मार्च 1993 को राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (Madhya Pradesh State Backward Classes Commission) का गठन किया गया, जिसकी अधिसूचना क्रमांक एफ-12-21-पच्चीस-4-92, मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 15 मार्च 1993 में प्रकाशित की गई।

हालांकि आयोग के कार्य कभी धरातल पर नहीं दिखे। ओबीसी को रिझाने में बीजेपी भी पीछे नहीं रही। शिवराज सरकार में बीजेपी ने नई शक्तियों के साथ प्रदेश में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में संशोधन किया।

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2021 से दिनांक 03 अप्रैल 2021 को मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1995 में संशोधन किया गया।

# आबादी जेहाद..

**राकेश शर्मा**

जबसे प्रधान मंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजरी कौंसिल ने 1950 और 2015 के एक समुदाय विशेष के जनसंख्या विस्फोट के आँकड़े जारी किए हैं चुनावी माहौल में एक राजनैतिक पारे ने तूफ़ान को जन्म दे दिया है। हर कोई इन आँकड़ों का अपनी अपनी तरह से आँकलन कर रहा है और अपने फेफड़ों की ताक़त का भरपूर इस्तेमाल कर एक दूसरे की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है। ओवेसी जैसे जिनके एजेंडे इस रिपोर्ट के बाद सामने आकर ध्वस्त हो रहें है इसे व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट कहकर ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास कर रहे हैं, मदरसा छाप मौलाना, इस्लामिक स्कॉलर्स , कांग्रेसी और इंडी गठबंधन के प्रवक्ता इसे चुनाव के मध्य में जारी करने के ओचित्य पर ही सवाल उठा रहे है।

इस राजनैतिक विवाद में पड़े बिना हमें इस रिपोर्ट के निष्कर्षों पर गहराई और गंभीरता से विचार करना चाहिए वरना तू तू मैं मैं के शोर में इस महत्वपूर्ण रिपोर्ट से उपजे मुद्दे समाधान निकले बिना ही गौण हो जाएँगे।

इससे पहले की जनसंख्या जेहाद की चर्चा करें हमें इस रिपोर्ट के आँकड़ों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह रिपोर्ट 1950 से 2015 के बीच जनसंख्या परिवर्तन की व्याख्या कर रही है।

इन पैंसठ वर्षों में हिंदू आबादी लगभग आठ प्रतिशत कम हुई है। 1950 में यह 84.68 प्रतिशत थी जोकि 2015 में घटकर 78.06 प्रतिशत रह गई, दूसरी तरफ़ इसी कालखंड में मुस्लिम आबादी में 43 प्रतिशत की अप्रत्याशित विस्फोटक वृद्धि हुई है जो 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई है। इसी पीरियड में क्रिश्चियन आबादी में 5.38 प्रतिशत, सिख आबादी में 6.58 प्रतिशत, बुद्धिस्ट आबादी 0.05 प्रतिशत से बढ़कर 0.81 प्रतिशत हो गई जबकि जैन आबादी 0.45 प्रतिशत से घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई और पारसी आबादी तो 0.03 प्रतिशत से घटकर 0.004 प्रतिशत रह गई है।

एक समुदाय विशेष के जनसंख्या विस्फोट के जेहाद को हमें स्वतंत्रता के बाद धर्म के आधार पर हुए बँटवारे, ग़ज़वाये हिन्द के नारे और प्रयासों, सुनियोजित धर्मांतरण, और ग़ैरक़ानूनी घुसपैठ को बढ़ावा देकर जनसंख्या के संतुलन के संक्रमण द्वारा जनसांख्यिकिय असंतुलन पैदा करना इत्यादि के परिप्रेक्ष्य में ही देखना होगा।



आपने पढ़ा सुना होगा की पीएफ़आई जो एक प्रतिबंधित संस्था है के सदस्यों के घर जब छापे मारे गये तब उनके घरों से गजवाय हिन्द का जो साहित्य मिला उसके साथ यह भी मिला की 2047 तक यह लोग भारत को इस्लामिस्ट राष्ट्र बनाना चाहते है। इस्लामिस्ट राष्ट्र या उनके कार्यकलापों से कौन अपरिचित है। पाकिस्तान या बांग्लादेश को ही लें ये राष्ट्र अखंड भारत को खंडित कर ही धर्म के आधार पर बने और बँटवारे के समय इन देशों में हिंदू आबादी लगभग बीस बाईस प्रतिशत थी जो अब क्रमशः एक और छह प्रतिशत से कम रह गई है। कहाँ गए सारे हिन्दू ज़मीन खा गई, आकाश निगल गया या समुद्र में समा गये। नहीं जी ऐसा कुछ नहीं हुआ उनका या तो जबरन धर्मांतरण हुआ, मार दिये गये, लव जेहाद के शिकार हुए या देश छोड़ने को मजबूर हो गये। ऐसा ही होता है इस्लामिस्ट राष्ट्र। सोचिए जिस रफ़्तार से मुसलमानों की आबादी का विस्फोट हो रहा है यदि इनके प्लान के अनुसार गजवाय हिन्द हो गया और इस्लामिस्ट राष्ट्र बन गया तो भारत के हिंदू कहाँ जाएँगे , इनके लिए तो कोई देश भी नहीं बचेगा जहां यह शरण ले सकेंगे।

स्थिति भयावह है और इस समस्या का समाधान तुरंत नहीं किया गया तब हिंदुओं की स्थिति वैसे ही हो जाएगी जैसे बिल्ली को आता देख कबूतर आँख बंद कर बैठ जाए और उसे बिल्ली कभी नहीं छोड़ती।

कोई बुरा माने या भला मैं यह कहने में क़तई संकोच नहीं करूँगा की भारत को छद्म धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाने का पाप गांधी और नेहरू ने ही किया। जब धर्म के आधार पर ही बँटवारा हुआ था और पाकिस्तान इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ पाकिस्तान बना तो हमें किस पागल कुत्ते ने काटा था की हम रिपब्लिक ऑफ़ इंडिया बने ना की हिंदू रिपब्लिक ऑफ़ भारत। यदि यह हुआ होता तो आज जिन समस्याओं से हम झूझ रहें हैं नहीं जूझते, कश्मीर से एक ही रात में लाखों हिंदुओं का निष्कासन नहीं होता, मैं चेतावनी देता हूँ की अभी भी कुछ असाधारण नहीं किया गया तो पूरा देश कश्मीर घाटी बन जाएगा। कश्मीरी हिंदुओं को तो देश के विभिन्न राज्यों में शरण मिल गई यदि भारत इस्लामिस्ट राष्ट्र बन गया तो भारत के हिंदू कहाँ जाएँगे। क्या मुग़ल आक्रमणकारियों ने जो जबरन धर्मांतरण किया, मंदिर तोड़े और महिलाओं का अपहरण कर , बलात्कार कर उठा ले गये वही भारत इस्लामिस्ट राष्ट्र बनने के बाद होने का आँख बंद कर हम इंतज़ार कर रहे हैं।

अभी भी जहां जहां मुसलमानों ने आबादी परिवर्तन कर दिया है वहाँ से भाजपा कभी विजयी नहीं होती, कांग्रेस, समाजवादी, तृणमूल कांग्रेस , राष्ट्रीय जनता दल भी तभी तक तुष्टिकरण कर जीतेंगे जब तक इस्लामिस्ट राष्ट्र घोषित नहीं हो जाता और वह सत्ता प्राप्त नहीं कर लेते। एक बार उनका उद्देश्य पूरा हुआ तो इन्हें भी काफिर कहकर बाहर का रास्ता दिखायेंगे। यह इनका इतिहास है। वरना एक नज़र यूरोप, ब्रिटेन या जहां जहां भी ये शरण लेकर गये पर डालें , अपनी आबादी बढ़ाई और उसके बाद उस जगह के चौधरी बन गये। अब उन्हें समझ नहीं आ रहा इनका क्या करें। वहाँ की लोकल आबादी वहाँ अब अल्पसंख्यक होती जा रही है।

मुझे मालूम है भारत के छद्म धर्मनिरपेक्ष हिंदू जमुना गंगा संस्कृति की दुहाई देते हुए मुझसे दुर्व्यवहार करेंगे क्यूँकि वह आज के जयचंद है और सत्ता मोह में तुष्टिकरण से बाज नहीं आ रहे और फिर भुगतेंगे। मैं तो अपनी अल्प बुद्धि से जो आने वाले कुछ वर्षों में होने वाला है उसके प्रति सजग कर रहा हूँ। मैं स्वयं तो यह सब देखने को शायद ज़िंदा भी ना रहूँ लेकिन सभी ने एकजुट होकर इसका समाधान नहीं सोचा तो भुगतना तो सभी को पड़ेगा।

दिल्ली में ही मैं कितने इलाक़ों को जानता हूँ जहां हिंदू आबादी नगण्य है, कोई हिंदू को मकान नहीं देता और डरकर हिंदू वहाँ से पलायन कर रहे हैं। वेस्ट बंगाल, बिहार, तेलंगाना और केरल में कितने ही ऐसे ज़िले, मोहल्ले, ब्लॉक बनकर तैयार हैं और टिकिंग बंब की तरह फूटने के कगार पर हैं।

शायद इस ख़तरे को भाँपते हुये मोदी सरकार ने सीएए और एनआरसी लागू करने का निर्णय लिया है लेकिन देखिए मुस्लिम समुदाय और छद्म हिंदू , राजनैतिक दल इसका कैसा विरोध कर रहें हैं। ममता ने तो यहाँ तक कह दिया मर जाऊँगी लेकिन सीएए एनआरसी बंगाल में लागू नहीं होने दूँगी। है भगवान वो भी चंद वोटों के लिए , देश तोड़ने के लिए।

मेरा सुझाव है कि एक समुदाय द्वारा जनसंख्या के विष्फोटक जेहाद को रोकने के लिए सीएए और एनआरसी के अतिरिक्त जनसंख्या नियंत्रण क़ानून भी तुरंत लाना चाहिए और जो इसका पालन ना करें उनपर अधिक से अधिक जुर्माना और सजा का प्रावधान होना चाहिए। समान नागरिक संहिता द्घडु क़ानून जल्द पास कर लागू करना चाहिए।

यह भारत की बात है, भारतीयता की बात है, सनातन की बात है सौ करोड़ हिंदुओं के भविष्य की बात है। याद रखें अभी नहीं तो कभी नहीं। सत्ता लोलुप व्यभिचारी यदि गलती से भी सत्ता लौट में आये तो दस वर्ष के अच्छे कार्य को मिट्टी में मिलाकर फिर से अंधकार के कुएँ में धकेल देंगे।

देश के हिंदुओं को जातियों , चमड़ी के रंग और नैन नक़्श में बाँटने के पीछे भी यही मंशा दिखाई देती है। भारत को अंतरराष्ट्रीय साज़िश के तहत सशक्त विकसित राष्ट्र ना बनने का षड्यंत्र हो सकता है।

ख़तरे बहुत हैं हर भारतीय को सतर्क होने की जरूरत है चाहे वह हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई , बोद्ध, जैन , पारसी कोई भी हो सभी को पहले भारतीय की तरह सोचना होगा। चंद इस्लामिस्ट जो मेरे देश को अशांत देखना चाहते हैं, तुष्टिकरण कर जो सत्ता प्राप्त करना चाहते है उन सभी से सतर्क होने का यही सही समय है।देश के हिंदुओं को जातियों , चमड़ी के रंग और नैन नक़्श में बाँटने के पीछे भी यही मंशा दिखाई देती है। भारत को अंतरराष्ट्रीय साज़िश के तहत सशक्त विकसित राष्ट्र ना बनने का षड्यंत्र हो सकता है।

ख़तरे बहुत हैं हर भारतीय को सतर्क होने की जरूरत है चाहे वह हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई , बोद्ध, जैन , पारसी कोई भी हो सभी को पहले भारतीय की तरह सोचना होगा। चंद इस्लामिस्ट जो मेरे देश को अशांत देखना चाहते हैं, तुष्टिकरण कर जो सत्ता प्राप्त करना चाहते है उन सभी से सतर्क होने का यही सही समय है।

# आज सोमनाथ, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल को याद करने का दिन है...

कौशल किशोर चतुर्वेदी

11 मई 1951 का दिन भारत के इतिहास में बहुत खास है। बारह ज्योतिर्लिंगों में पहले सौराष्ट्र स्थित सोमनाथ के वर्तमान स्वरूप की स्थापना आज की तारीख को ही 1951 में हुई थी। और इसमें अगर किसी का योगदान था, तो वह पहला नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल का था। और वर्तमान शिवलिंग की स्थापना की थी देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने। और इसमें शामिल न होने की वजह से अगर किसी की आलोचना होती है तो वह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की होती है। सोमनाथ का मंदिर हिंदू धर्म और भारत की वह तस्वीर है, जिसके इर्द-गिर्द देश की राजनीति वर्तमान में केंद्रित है।

सोमनाथ का मन्दिर हिन्दू धर्म के उत्थान-पतन के इतिहास का प्रतीक रहा है। अत्यन्त वैभवशाली होने के कारण इतिहास में कई बार यह मंदिर तोड़ा तथा पुनर्निर्मित किया गया। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल बन्दरगाह में स्थित इस मन्दिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में स्पष्ट है। मुस्लिम आक्रांताओं ने इसे बार-बार तोड़ा और हिंदू राजाओं ने बार-बार इसका पुनर्निर्माण किया। आठवीं सदी में सिन्ध के अरबी गवर्नर जुनायद , महमूद ग़ज़नवी, दिल्ली सल्तनत और मुगल बादशाह औरंगजेब ने मंदिर को नष्ट किया। इस समय जो मंदिर खड़ा है उसे भारत के गृह मन्त्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बनवाया और पहली दिसम्बर 1955 को भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसे राष्ट्र को समर्पित किया। सौराष्ट्र के पूर्व राजा दिग्विजय सिंह ने 8 मई 1950 को मन्दिर की आधारशिला रखी तथा 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने मन्दिर में ज्योतिर्लिंग स्थापित किया। नवीन सोमनाथ मन्दिर 1962 में पूर्ण निर्मित हो गया। 1970 में जामनगर की राजमाता ने अपने पति की स्मृति में उनके नाम से 'दिग्विजय द्वार' बनवाया। इस द्वार के पास राजमार्ग है और पूर्व गृहमन्त्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा है।

जवाहरलाल नेहरू ने सोमनाथ मन्दिर के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव का 'हिन्दू पुनरुत्थानवाद' कहकर विरोध भी किया। उस समय नेहरू से हुई बहस को कन्हैयालाल मुंशी ने अपनी पुस्तक 'पिलग्रिमेज टू फ्रीडम' में दर्ज किया है। वे लिखते हैं-

ज कैबिनेट की बैठक के अन्त में जवाहरलाल ने मुझे बुलाकर कहा—मुझे सोमनाथ के पुनरुद्धार के लिए किया जा रहा आपका प्रयास पसन्द नहीं आ रहा। यह हिन्दू पुनरुत्थानवाद है। 'मैंने जवाब दिया कि मैं घर जाकर, जो कुछ भी घटित हुआ है उसके बारे में आपको जानकारी दूँगा ज

के.एम. मुंशी ने आगे लिखा है-

नवम्बर 1947 के मध्य में सरदार प्रभास पाटन के दौरे पर थे जहाँ उन्होंने मन्दिर का दर्शन किया। एक सार्वजनिक सभा में सरदार ने घोषणा कीः 'नए साल के इस शुभ अवसर पर हमने फैसला किया है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण करना चाहिए। सौराष्ट्र के लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। यह एक पवित्र कार्य है जिसमें सभी को भाग लेना चाहिए।' ज्कुछ लोगों ने प्राचीन मंदिर के भग्नावशेषों को प्राचीन स्मारक के रूप में संजोकर रखने का सुझाव दिया जिन्हें मृत पत्थर जीवन्त स्वरूप की तुलना में अधिक प्राणवान लगते थे। लेकिन मेरा स्पष्ट मानना था कि सोमनाथ का मन्दिर कोई प्राचीन स्मारक नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्थित पूजा स्थल था जिसका पुनर्निर्माण करने के लिए अखिल राष्ट्र प्रतिबद्ध था।

तो सोमनाथ मंदिर अगर हर सनातनधर्मी की आत्मा में बसता है। तो उसे वर्तमान स्वरूप में हर सनातनधर्मी की आत्मा में बसाने का श्रेय सरदार वल्लभ भाई पटेल को जाता है और इसके साथ अगर और कोई नाम जुड़ा है तो देश के पहले प्रथम नागरिक डॉ. राजेंद्र प्रसाद का। तो आज सोमनाथ, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करने का दिन हैज।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# धार आबकारी की अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्यवाही



धार। कलेक्टर जिला धार प्रियंक मिश्र* के निर्देशन में, *सहायक आबकारी आयुक्त धार श्री विक्रमदीप सांगर* के मार्गदर्शन में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने बाबत *सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर.एस. राय तथा आबकारी उप निरीक्षक राज कुमार शुक्ला की टीम को* आबकारी वृत्त धार में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उमरिया में कृष्णा बाई जायसवाल ड्ब/ह स्व गोवर्धन रहवासी मकान एवम मकान में स्थित किराने की दुकान में शराब रखकर विक्रय कर रही है। सूचना के आधार तत्काल दबिस दी गई एवम मौके से 3 पेटी देशी मदिरा प्लेन,05 पेटी लेमाउंट केन बियर की कुल मात्रा 87 ब. ली.* मदिरा बरामद कर मौके से फरार आरोपिया कृष्णा बाई के विरुद्ध *म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क),34(2)* के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया दूसरी कार्यवाही में ग्राम लुन्हेरा थाना नालछा के अन्तर्गत होटल क्क्र2 के मालिक खुशाल पिता रामबाबू दूबे के रहवासी मकान में शराब रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर मय आबकारी दल दबिस दी गई जहां खुशाल दूबे के समक्ष रहवासी मकान की तलाशी लेने पर *06 पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की,05 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 07 पेटी लेमाउंट बियर(650द्वद्य),04 पेटी हंटर कैन बियर* की कुल 199.44 बल्क लीटर शराब जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क),34(2) प्रकरण दर्ज कर खुशाल दूबे पिता रामबाबू दूबे को विधिवत गिरफ्तार किया गया जप्त शराब की कुल संयुक्त अनुमानित कीमत लगभग रु 1,24,120/- है।

# केबिनेट मंत्री ने किया मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण



मंडला। मंडला में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज स्थल का जायजा लेने स्थानीय विधायक और प्रदेश शासन की पीएचई मंत्री संपतिया उइके पहुंची।उन्होंने निर्माण कंपनी के अधिकारियों के साथ स्थल का अवलोकन किया और निर्माण कार्य में प्रगति की समीक्षा की। मंत्री उइके ने मेडिकल कॉलेज की ड्राइंग डिजाइन भी देखी और बनने वाली अलग-अलग बिल्डिंगों की जानकारी ली।उन्होंने निर्माण कंपनी से समयावधि में निर्धारित मापदंड के अनुरूप निर्माण कार्य किये जाने की बात कही।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि भाजपा सरकार की केबिनेट

मंत्री संपतिया उइके ने राजा ह्रदय शाह के नाम से बन रहे मेडिकल कालेज के स्थल अवलोकन के बाद निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि चरणबद्ध रूप से काम चल रहा है। मशीनें और मेटेरियल यहां पहुंच चुका है।उन्होंने कहा यहां तैयारी अच्छी है,कम समय में निर्माण कार्य में प्रगति अच्छी है। मैंन मेडिकल कॉलेज का प्रस्तावित नक्शा का अवलोकन किया है उन्होंने कहा कि निर्माण के लिए ढाई वर्ष का समय निर्धारित है और जिस तरह से रात-दिन से कार्य चल रहा है उससे लगता है निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हो जाएगा।

# बाल विवाह होने से रोका गया

विदिशा। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह ना हो के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए थे। जिला मुख्यालय के साथ-साथ खण्ड मुख्यालयों पर कंट्रोल रूम गठित किए गए थे। वहीं बाल विवाह रोकने के लिए जिला, खण्ड एवं ग्राम स्तर पर पृथक-पृथक समितियां गठित की गई थीं जो बाल विवाह रोकने के दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक आकांक्षा मरावी ने बताया कि कंट्रोल रूम को ग्राम दुलई में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर अविलंब करारिया पुलिस थाना पुलिस बल की टीम के साथ विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने तत्काल कार्यवाही करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बालक परिवर्तित नाम चिंटू की उम्र 21 वर्ष से कम पाए जाने पर दंडनीय अपराध से अवगत कराया गया। समझाईश के बाद परिवार ने विवाह रोक दिया एवं 21 वर्ष आयु पूर्ण होने के बाद विवाह करने का संकल्प लिया है। टीम के द्वारा संपादित उक्त कार्यवाही में महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी जयंती बाला, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश ताम्रकार, पर्यवेक्षक रागिनी भार्गव एवं करारिया पुलिस थाना स्टॉफ के सदस्य शामिल थे।

# आईपीएल सट्टा खिलाने वाले दो धराए



**विदिशा।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि गुरूवार की रात कोतवाली थाना और सिविल लाइन थाना की संयुक्त टीम द्वारा आईपीएल सट्टे का खुलासा किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरनपुरा की एक कॉलोनी में डुप्लेक्स से अशोकनगर निवासी रुपेश और बसंत को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 128000 नगद भी जप्त किए गए हैं। वहीं लैपटॉप, मोबाइल और कोड में उनके ग्राहकों की जानकारी भी बरामद हुई है। उन्हें डिकोड करने का प्रयास किया जा रहा है। 8 से 10 लोगों के नाम उजागर भी हुए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि एक लिंक के माध्यम से यह आईपीएल सट्टा लगाया करते थे। प्रशांत चौबे ने बताया कि आरोपियों से बारीकी से पूछताछ करने पर उनसे बड़ा खुलासा हो सकता है। शहर के अलावा अन्य जगहों के लोग भी ऑनलाइन सट्टा खिलाया करते थे। इस सबकी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं आशंका व्यक्त की जा रही है कि ऑनलाइन खेले जाने वाला आईपीएल का यह सट्टा करोड़ रुपए का हो सकता है। पुलिस दोनों आरोपियों से बारीकी से पूछताछ में जुटी है।

# सागर फेक्ट्री तामोट के वर्करों ने किया चक्काजाम,

## कलेक्टर गाइडलाइन से वेतन न मिलने से परेशान











औबेदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट)- शानिवार सुबह 08 बजे सागर मेन्युफेक्चरिंग कंपनी के कर्मचारियों द्वारा फेक्ट्री प्रांगण से 02 किलोमीटर दूर चलकर हाइवे 46 पर चक्काजाम कर दिया गया। अधिक मात्रा में महिलाओं एवं कर्मचारियों को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से हाइवे साफ कराया। कंपनी के वर्करों का कहना है कि हमे शासन के अनुसार वेतन नही दिया जा रहा है एवं हमारे साथ अंदर बदसलूकी की जाती है। कंपनी के आला अधिकारी पुलिस के आने के बाद भीड़ के सामने आये एवं तीन दिनों के अंदर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। बड़ी मुश्किल से कंपनी के वर्कर माने एवं काम पर वापस लौटे। बता दें कि कब से सागर कंपनी तामोट में खुली है तबसे ऊक्त कंपनी आत्महत्या एवं अन्य कारणों से सुर्खियों में रहती आई है। महिला कर्मचारियों का कहना है कि हमे न पीएल दे रहे हैं न सीएल दे रहे हैं व वेतन भी काटकर दे रहे हैं वहिं, मैनेजर व सुपरवाइजर लड़कियों से बत्तमीज़ी से बात करते हैं

### इनका कहना-

एसएमपीएल की यह पॉलिसी रही है कि हम अपने वर्कर्स का पूरा ध्यान रखते हैं, उनके रहने का, खाने-पीने का ध्यान रखते हैं। कम्युनिकेशन गेप हो गया कुछ मिसअंडरस्टैंडिंग हो गई है। सरकार ने हाल में जो पैसे बढ़ाये हैं उसके हिसाब से उन्हें तीन दिन के अंदर पूरा भत्ता उनके अकाउंट में चला जायेगा। सिक्यूरोटी द्वारा बत्तमीज़ी की बात मुझे पता नही है मैं मालूम करता हूँ।

**कपिल अग्रवाल, सीईओ सागर फेक्ट्री तामोट**

हम कंपनी मैनेजमेंट से बात करेंगे एवं श्रमिकों की मांगे पूरी करवाएंगे। रिवाइज़्ड मिनिमम पे नही दिया जा रहा है, पुराना दिया जा रहा है। जो रिवाइज़्ड मिनिमम पे किया गयाहै वो दिये जाने की बात हुई है

**हेमंत शर्मा, तहसीलदार गौहरगंज**

# परशुराम जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

## सनातन ब्राह्मण समाज समिति ने 107 किलो वजन के फरसे किया स्थापित

बैतूल। जय परशुराम और जय ब्रह्म के जयघोष के साथ निकाली अभूतपूर्व शोभायात्रा ब्राह्मण समाज संगठनों द्वारा परशुराम जयंती पर पूजन-अर्चन भंडारे सहित अन्य आयोजन किए गए। भगवान परशुराम के उद्घोष के साथ परशुराम चौक पर बैतूल सनातन ब्राह्मण समाज समिति ने 107 किलो वजन के फरसे को स्थापित किया।

शाम के वक्त निकाली गई परशुराम सेना की शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। शहर के दुर्गा मंदिर वौक से शाम 5 बजे यह शोभायात्रा शुरू हुई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए देर शाम माता मंदिर मैकेनिक चौक पहुंची । जहां पर पूजन-अर्चना के साथ इसका समापन हुआ और बाद में भंडारे का आयोजन भी किया गया।जिसमें महिलाए, युवक, युवतिया, वृद्ध, बच्चे सभी शामिल थे और सभी उत्साह के साथ जय बा और परशुराम के नारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में भगवान राम और परशुराम की झांकी शामिल थी। जिनका जगह-जगह स्वागत और पूजन-अर्चन किया गया। पहले जिला अस्पताल में अंकुरित आहार का वितरण किया गया। इसके बाद भीजन शाला में भोजन वितरण का कार्यक्रम हुआ।



तत्पश्चात दत्त मंदिर में भी भगवान परशुराम का पूजन अर्चन हवन और प्रसादी वितरण हुआ। इसके अलावा बडोरा स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी विधि-विधान के अनुसार पूजन-अर्चन सहित भंडारा आयोजित किया गया। शहर में भगवान परशुराम की जयती को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा यह सब आयोजन किए गए और उत्साह पूर्वक परशुराम जयंती को मनाया गया। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुष्प वर्षा आदि के साथ इस शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया।

# श्री परशुराम जयंती पर आयोजित रैली का मिडिया कर्मियों ने किया स्वागत





मण्डला।अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जी का जन्मदिन मनाया जाता है इस कार्यक्रम के अवसर पर माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई नगर में भव्य वाहन रैली में सामाज समस्त सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई इस वाहन रैली का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया,इसी तरह रैली का स्वागत करते हुए नेहरू स्मारक चौराहा पर मिडिया कर्मियों द्वारा वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन संघ ने ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली इस रैली का पानी एवं कोल्डड्रिंक्स पिलाकर स्वागत किया गया।

मंडला नगर में माहिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज के विप्र बंधुओ द्वारा भगवान श्री परशुराम के प्रगट उत्सव अक्षय तृतीया के अवसर पर समाज द्वारा भव्य वा आकर्षक रैली निकाली गई इस अवसर पर नेहरू स्मारक चौराहा पर मिडिया कर्मियों द्वारा वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन संघ के पत्रकारों ने वाहन रैली एवं विप्र समाज की रैली का भव्य स्वागत कर अभिवादन किया,इस अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी की पूजन कर महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्री आकाश दीक्षित एडव्होकेट,शैलेष मिश्रा,एस पी तिवारी , अनीता तिवारी तथा समाज के वरिष्ठ लोगो का फूल मालाओं से स्वागत कर रैली में शामिल समाज जनों का ठण्डा पेय कोल्डड्रिंक्स और पेयजल का वितरण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत इस अवसर पर एड्वोकेट अजीत जिला ब्यूरो चीफ दैनिक जग संवाद एवं सांध्य प्रकाश समाचार पत्र,सुदामा पटेल संपादक राष्ट्रीय प्रदेश की उपासना

# बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पँहुचे कलेक्टर दिए दिशा-निर्देश

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पँहुचे। उन्होंने यंहा ओपीडी, वार्डो में साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, मरीजो को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य सुविधाओ का बिंदुबार जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में मरीजो और उनके परिजनों से चर्चा भी की। उन्होंने कहा शिक्षा व स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकताओं में से एक हैं, इसी सिलसिले में सारे स्वास्थ्य अमले की बैठक लेने के बाद फील्ड निरीक्षण प्रारंभ किया हैं। उन्होंने कहा अस्पताल में मरीजो की जांच, स्वास्थ्य सुविधाओं व इंफ्रास्ट्रक्चर देखा, जिसमें यंहा बैठक व्यवस्था ठीक नही मिलने पर सबंधितों को निर्देशित किया हैं।

उन्होंने कहा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करने वाले डॉक्टरों के द्वारा क्लिनिक संचालन के सबंध में जंहा-जंहा से शिकायत मिल रही हैं, कार्यवाही के लिए लगातार टीम कार्य कर रही हैं, नियम विरुद्ध कार्य करने वालो पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिला एवं ब्लाक स्तर पर जांच समितियों का गठन किया गया हैं, चिकित्सा अधिकारियों की अध्यक्षता में निगरानी में कार्य जारी हैं, यदि किसी को ऐसा लगता है कि वह सही तरीके से



चिकित्सा कार्य कर रहा उसे अनावश्यक रोका जा रहा हैं, तो वह अपने दस्तावेज आवेदन समिति के पास प्रस्तुत कर सकते हैं, उन्हें डरने की जरूरत नहीं हैं, समिति वैधानिक पाएगी तो कार्य कर सकते हैं, लेकिन यदि वैधानिक नहीं तो कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बटियागढ़ क्षेत्र में पानी की समस्या पर कहा जल निगम द्वारा सुनार बेबस प्रोजेक्ट जल्द शुरू हो रहा, आमजन को थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है, जलस्तर कम है, सीईओ बटियागढ़ को निर्देशित किया गया है, ऐसे स्थानों पर जलपरिवहन कर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 72.97 मतदाताओं ने उत्साह से दुसरी बार किया पुर्न-मतदान- कलेक्टर श्री सूर्यवंशी

## मध्यमा ऊंगली पर भी लगाई चुनावी स्याही

बैतुल । मुलताई विधानसभा क्षेत्र के रजापुर, डूडर रैयत, कुंदा रैयत तथा चिखलीमाल में दूसरी बार हो रहे मतदान में भी मतदाताओं में भारी उत्साह नजर आया। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान पहुंचकर पहले की तरह ही मतदान किया तथा अपनी दूसरी उंगली पर मतदान का निशान लगाया। विगत 7 मई को हुए मतदान के दौरान रात में मतदान दल की बस में आग लगने से ईवीएम सहित सामग्री जलने से पुनः 10 मई को चुनाव संपन्न हुए हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह 7 बजे से 6 बजे तक चारों मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न हुआ। जिसमें रजापुर में 68.53 प्रतिशत, डूडर रैयत में 76.62 प्रतिशत, कुंदा रैयत में 74.28 प्रतिशत तथा चिखलीमाल में 75.15 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल मतदान 72.97 मतदाताओं ने उत्साह एवं



विश्वास से किया गया ।

इस दौरान मतदान केन्द्रों पर प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी एवं धूप के दृष्टिगत टेंट एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। दिव्यांग मतदाताओं का किया पुष्पगुच्छ से स्वागत मतदान करने के लिए मतदान केन्द्रों पर पहुंचे दिव्यांग मतदाताओं का अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी तृप्ति पटेरिया ने बताया कि मतदान केन्द्र पर पहुंची दिव्यांग मतदाता लंकाबाई चीकू 60 वर्ष तथा मंगेश उईके 34 वर्ष का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान मतदाताओं की दूसरी उंगली पर मतदान की स्याही लगाई गई । जिससे मतदाताओं के दोनों उंगली पर निशान नजर आए ।

# नपा करा रही जेसीबी से नालों की सफाई

**नर्मदापुरम//** बारिश के मौसम में पानी की निकासी आसान हो सके, इसके लिए नगर पालिका के सफाई अमले ने शहर के छोटे-बड़े नाले और नालियों की सफाई प्रारंभ कर दी है। शहर के उन नाले-नालियों पर जेसीबी से सफाई करायी जा रही है, जो बारिश के वक्त नगर की सड़कों, गलियों में जलभराव का कारण बनते हैं। नगर पालिका का स्वच्छता विभाग नाले और नालियों की सफाई करा रहा है।

पहले चरण में छोटे नाले लिये जा रहे हैं। अभी दो दिन हुई सफाई में यादव भवन के पीछे, एफसीआई के भीतर का करीब पांच सौ मीटर की सफाई हुई है।

इन नालों की होगी सफाई

गगन मगन होटल के पास, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पानी की टंकी वाला नाला, सिविल अस्पताल के पास वाला नाला, पुलिस थाने के पीछे से एमजीएम कालेज, न्यास कालोनी, सूरजगंज चौराह से विश्वनाथ चौराह, रेलवे स्टेशन रोड के किनारे, सोनासांवरी नाका तक के नाले की सफाई होगी। ये ऐसे नाले हैं जो बारिश का पानी शहर से बाहर बहाकर ले जाते हैं। दूसरे चरण में वार्डों के भीतर, बाजार क्षेत्र, दुकानों के सामने की सफाई करायी जाएगी ताकि उनमें भर चुका कचरा निकाला जा सके। भीतरी हिस्सों की नालियों में डिस्पोजेबल, पॉलिथिन और ऐसी कई चीजें मिलती रही हैं, जो शहर की निकास व्यवस्था को बिगाड़ती हैं। इनकी सफाई के बाद बारिश का पानी अधिक देर सड़कों पर नहीं थमता है और तेजी से बड़े नालों तक पहुंचता और वहां से शहर के बाहर हो जाता है।





### शहर के प्रमुख नाले

सीपीई से पुरानी इटारसी माठिया बाबा के पास से अवाम नगर, सांकलिया पुल होकर रेलवे पुल के नीचे से सांनासांवरी तक का बड़ा नाला, ठंडी पुलिया से नाला मोहल्ला, नदी मोहल्ला होकर श्री बूढ़ी माता मंदिर के पीछे तक, 12 बंगला के पास के नाले की जेसीबी और पोकलेन से सफाई करायी जाती है। इनकी सफाई से यह होता है कि निचली सड़कों पर पानी भरने के बाद अधिक देर रुकता नहीं है और तेजी से बड़े नालों से होकर शहर से बाहर निकल जाता है।

### इनका कहना है...

नगर पालिका बारिश के पानी को आसानी से बाहर निकालने के लिए वार्डों के भीतर और बाजार क्षेत्र में भी सफाई कराती है, कई बार नालियों में पॉलिथिन और डिस्पोजेबल फंसे होने से भी निकास में परेशानी आती है, नागरिकों से निवेदन है कि नगर पालिका का सहयोग करें और नालियों में कचरा और डिस्पोजेबल डालने से बचें।

**ऋतु मेहरा, सीएमओ नपा इटारसी**

बारिश में निचले स्थानों पर पानी भर जाना आम बात है, लेकिन लोग ज्यादा परेशान न हों, इसके लिए हमारा सफाई अमला लगातार प्रयास करता है। वर्षा पूर्व शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई करायी जा रही है, कहीं अतिक्रमण के कारण भी परेशानी आती है, हमारा निवेदन है कि नागरिक नगर पालिका का सहयोग करेंगे तो उनको भी परेशानी से बचाया जा सकेगा द्य

### परशुराम जन्मोत्सव पर हुए विभिन्न आयोजन

**विदिशा।** शुक्रवार को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शहर में विभिन्न आयोजन किए जाते रहे। सुबह से शाम तक विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चला तो वहीं शाम को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को शहर में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी दिन अक्षय तृतीया के मौके पर भी कई शुभ कार्य किए जो बिना मुहुर्त के ही किए जाते हैं। आज के दिन बिना मुहुर्त देखे ही बहुमूल्य चीजों की खरीदी का भी महत्व बताया गया है। इसी के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को भी लेकर विशेष आयोजन किए गए।मोहनगिरी स्थित ब्रह्म भवन में ब्राह्मण समाज के सदस्यों, पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं शाम छह बजे के लगभग पेढ़ी चौराहे से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें करीब 15 फिट की भगवान परशुराम की प्रतिमा को रथारूढ़ कर शोभायात्रा में शामिल किया गया। खास बात यह रही कि इस शोभायात्रा के दौरान सभी समाजों के संत, आराध्य देव की प्रतिमाएं भी शामिल की गई थीं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. Rs/444/0760/5893/2024

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल मालवीय आ. पत्नी जगन्नाथ मालवीय निवासी ग्राम गेहुंखेड़ा कोलार रोड द्वारा ग्राम गेहुंखेड़ा स्थित खसरा/प्लाट नंबर 37,36/4, 36/1,35/1 क्षेत्रफल 139.40 व.मी. पर विक्रयपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 24.05.2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

# चीन-ईरान ने इंडिया के पास में खोज लिया सीक्रेट रास्ताः कितना बड़ा खतरा और क्या भारत को उठाना होगा कदम?

चीन और ईरान ने इंडिया के पास एक सीक्रेट रास्ता खोज लिया है. यह एक सी रूट (समुद्री रास्ता) है. ऐसा बताया गया कि इसका इस्तेमाल दोनों देश गुपचुप तरीके से कारोबार के लिए कर रहे हैं. %टाइम डॉट न्यूज% नाम के समाचार पोर्टल पर छपे अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार डॉ.ब्रह्मदीप अलूने के लेख से यह खुलासा हुआ है.

डॉ.ब्रह्मदीप अलूने के आर्टिकल के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशिया के तहत सिंगापुर और मलेशिया के पूर्व में एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर ढेर सारे टैंकर रहते हैं. वहां इसके साथ ही बड़ी खेप में माल भी ट्रांसफर होता है. लेखक की मानें तो इसी रूट से चीन और ईरान फिलहाल कारोबार कर रहे हैं. यह चैनल जलडमरूमध्य के नाम भी जाना जाता है, जो कि सिंगापुर द्वीप और इंडोनेशिया के रियाऊ द्वीप के बीच है.

चीन ने दुनिया के सामने खड़ी कर दी बड़ी चुनौती!

व्यापार चलाने में आज भी समुद्री रास्ते सबसे अहम माने जाते हैं. 90 फीसदी परिवहन इंटरनेशनल शिपिंग इंडस्ट्री के जरिए जल क्षेत्रों से होता है. चूंकि, दुनियाभर में समुद्री रास्तों का संचालन कानूनी तौर पर होता है. ऐसे में दोनों देशों ने यह सीक्रेट रास्ता खोजकर और इसके जरिए चोरी-छिपे अरबों का व्यापार करके विश्व के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है.



ईरान पर अमेरिका का बैन भी साबित हुआ नाकाम

यह सीक्रेट समुद्री रास्ता चीन और ईरान के लिए इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि मौजूदा समय में अमेरिका के ईरान पर प्रतिबंध है. ऐसे में एक्सपर्ट्स की नजरों में गुप्त रास्ते की वजह से बैन नाकाम होता दिख रहा है. चीन और ईरान आपस में कारोबार करते नजर आ रहे हैं.

चीन-ईरान के सीक्रेट रूट पर और क्या बोले एक्सपर्ट?

चीन और ईरान का यह सीट रूट भारत के लिए बड़ा खतरा बनेगा या नहीं? इस बारे में डॉ.ब्रह्मदीप अलूने ने स्पष्ट तौर पर तो कुछ नहीं कहा. हालांकि, उनके आर्टिकल में यह जरूर बताया गया कि चीन समुद्री मार्गों को प्रभावित कर रहा है. ड्रैगन की यह नीति वैश्विक व्यापार और सुरक्षा को बाधित करने वाली है.

साफ है कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए चिंता का विषय बन सकता है तो यह इंडिया को भी प्रभावित कर सकता है. हालांकि, इस बारे में फिलहाल किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. भारत होर्मुज जलडमरूमध्य और मलक्का जलडमरूमध्य के लगभग आधे रास्ते पर है. देश फिलहाल पूर्वी एशिया में फिलिपींस, मलेशिया और वियतनाम के साथ मिलिट्री सहयोग बढ़ाने पर जोर दे रहा है. इन देशों के साथ चीन का दक्षिणी चीन सागर में सीमा विवाद चल रहा है.

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने सामाजिक क्षेत्र के स्टार्ट-अप को 19.6 करोड़ रुपये के अनुदान से सपोर्ट की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के विजेताओं की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव उद्यमिता के क्षेत्र में 41 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर को विशिष्ट फोकस क्षेत्रों में काम करने वाले 170 स्टार्ट-अप का समर्थन करने के लिए कुल 19.6 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। इस वर्ष का कार्यक्रम नीति आयोग के तहत भारत सरकार की पहल अटल इनोवेशन मिशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। 2024 अनुदान के मुख्य फोकस क्षेत्रों में जलवायु नवाचार, वित्तीय समावेशन, कृषि और सतत ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका संवर्धन, लिंग विविधता और समावेशन शामिल हैं।जिन स्टार्ट-अप्स को अनुदान मिला है, वे उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए हैं, जिनमें से सबसे बड़ी संख्या महाराष्ट्र से है। एचडीएफसी बैंक की प्रमुख सीएसआर सुश्री नुसरत पठान ने कहा, हमारा परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम सामाजिक नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इनोवेशन समाज की विकास आवश्यकताओं को पूरा करने की कुंजी है।

# सेहत से भरपूर बादाम का तोहफा देकर मनाइये मदर्स डे

मुंबई, एजेंसी। ऐसा कोई एक दिन नहीं हो सकता, जब हम अपने जीवन में अपनी माँ के अनमोल योगदान का आभार जताएं। हमारी देखभाल करने वाले के रूप में माँ हमारी सेहत को अपनी सेहत से ज्यादा महत्व देती है। इस मदर्स डे पर माँ की सेहत और तंदुरुस्ती का ध्यान रखकर उनके निस्वार्थ प्रयासों को सम्मान देना जरूरी है। अपनी माँ को बादाम का एक सुंदर-सा डिब्बा उपहार में दिया जा सकता है। माँ की अच्छी सेहत सुनिश्चित करने के लिये यह तरीका कारगर होगा। बादाम में कुछ मौलिक पोषक-तत्व होते हैं, जो पूरी तंदुरुस्ती को बढ़ाते हैं। ऐसे में बादाम मदर्स डे पर तोहफे में देने के लिये सबसे बढ़िया हैं। बादाम में प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और विटामिन 'ई' आदि होते हैं। अच्छी तरह से संतुलित आहार के तहत रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सेलीब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''बादाम मेरे परिवार की पीढ़ियों से एक पसंदीदा परंपरा हैं और इसके लिये मेरी माँ की बुद्धिमत्ता को धन्यवाद। मैंने यह तय किया है कि बादाम लगातार मेरे परिवार की डाइट में भी बनी रहें। मुझे अपनी डाइट में बादाम को शामिल करने से त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिली है। फिटनेस एण्ड सेलेब्रिटी इंस्ट्रक्टर यास्मिन कराचीवाला ने कहा, ''फिटनेस को पसंद करने के कारण मैं बादाम जैसी पौष्टिक चीजों से शरीर के पोषण का जितना महत्व बता सकूं, वह कम ही होगा।

# एसवीयू मुंबई ने अपने प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**मुंबई।** सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी, जिसे अपनी अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, वर्तमान में सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी एंट्रैंस टेस्ट के माध्यम से अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बी डेस प्रोडक्ट डिज़ाइन, बीए मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज़्म बी.एससी आईटी, बीएससी कम्प्यूटर साइंस, बीएससी डेटा साइंस, बीएससी इकोनोमिक्स, बीएससी साइकोलोजी, बीएससी स्पोर्ट्स एण्ड एक्सरसाइज़ साइंस के लिए आवेदन स्वीकार कर रही है। किसी भी स्ट्रीम के छात्र इन प्रोग्रामों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन प्रोग्रामों को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये छात्रों को सफल करियर के लिए तैयार करते हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में भी बी.टेक प्रोग्रामों के लिए आवेदन खुले हैं। बी.टेक प्रोग्रामों के लिए वैद्यता जॉइंट एंट्रैंस टेस्ट (जेईई) या महाराष्ट्र राज्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा एमएचटी-सीईटी के स्कोर पर आधारित होगी। एसवीयू में पेश किए गए प्रोग्रामों पर विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर वी.एन. राजाशेखरन पिल्लै, वाईस चांसलर, सोमैया विद्याविहार युनिवर्सिटी ने कहा, ''मेरा मानना है कि हमारे अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम छात्रों के समग्र विकास और बौद्धिक क्षमता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उत्कृष्टता एवं इनोवेशन के लिए प्रतिबद्धता के साथ इन प्रोग्रामों को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि ये छात्रों में ज़रूरी कौशल विकसित कर प्रयोजन की भावना को बढ़ावा देते हैं। हमारा लक्ष्य छात्रों को आत्मविश्वास के साथ वास्तविक जीवन की समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाना है।

# एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** मरीन टाइम उद्योग में एक दुर्जय बल, एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड ने 10 मई, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर प्राइस बैंड पर ?96.28 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग ऑफशोर वेसल का अधिग्रहण करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूर और आम कॉर्पोरेट कार्यों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 9 मई, 2024 को खुलेगी. सब्सक्रिप्शन के लिए इश्यू 10 मई, 2024 को खुलेगा और 15 मई, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर जीवायआर कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार पूर्वा शेयरजिस्ट्री (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड है. एबीएस मरीन सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, कैप्टन पी.बी. नारायणन ने कहा, हम हमारी ग्रोथ यात्रा में उल्लेखनीय छलांग लगा रहे हैं. यह कदम हमारी कंपनी की क्षमताओं में और हमारी बाजार स्थिति मजबूत करने के लिए नए सुअवसरों का लाभ उठाने के प्रति हमारे समर्पण में हमारे विश्वास को प्रदर्शित करता है. तीन दशक की एक्सपर्टीज, पूर्ण स्वामित्व के फ्लीट और व्यूहात्मक रूप से स्थित कार्यालय के साथ हम विश्व भर में विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं.

# यह फाउंडेशन लोगों के विकास के कंपनी के उद्देश्य पर आधारित है। इस लक्ष्य के तहत नेक्स्ट इंजीनियर्स के विस्तार के लिए 20 मिलियनडॉलर

नई दिल्ली। जीई एयरोस्पेस ने हाल ही में जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च की घोषणा की है। ये कंपनी के इतिहास में एक नया अध्याय है जो पिछले जीई फाउंडेशन के 100 से ज्यादा सालों की विरासत पर आधारित है। जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन की परोपकारी नीतियां और कार्यक्रम कंपनी के कार्यबल के विकास, आपदा राहत और जीई एयरोस्पेस के कर्मचारियों की कार्यकुशला को बढ़ाने में योगदान करेंगी। इससे जीई एयरोस्पेस से जुड़े लोगों का उत?थान करने (लिफ्ट पीपल अप) के कंपनी के उद्देश्य को पूरा करने में मदद मिलेगी। दक्षिण एशिया में, जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन समाज के हाशिए पर खड़े लोगों के लिए आपदा राहत, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को सपोर्ट करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ काम करना जारी रखेगा। पिछले 10 सालों में दक्षिण एशिया को फाउंडेशन से संबंधित कुल अनुदान में 12 लाख अमेरिकी डॉलर मिले हैं। इसमें अनुदान और संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं। इन प्रयासों से बेंगलुरु, पुणे और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों के लोगों को फायदा हुआ है। जीई एयरोस्पेस के चेयरमैन और सीईओ एच. लॉरेंस कल्प, जूनियर ने कहा, हम जहां रहते हैं और काम करते हैं उसके आसपास रहने वाले लोगों को सपोर्ट करने और उनको मजबूत बनाने की जिम्मेदारी लेते हैं। जीई एयरोस्पेस इस काम को गंभीरता से लेती है। जीई एयरोस्पेस फाउंडेशन के लॉन्च से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

# गेहूं खरीदी घोटाले में पिपरिया नपा अध्यक्ष पति, विधायक के करीबी सहित 10 को हुई 7 साल की सजा, भेजे गए जेल

पिपरिया,नर्मदापुरम। विपणन सहकारी समिति मर्यादित पिपरिया में वर्ष 2013 के 11 साल पुराने गेहूं की सरकारी खरीदी घोटाले के मामले में आज शुक्रवार को न्यायालय ने दस आरोपितों को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश श्री कैलाश प्रसाद मरकाम द्वारा फैसला सुनाया गया। मामले में पिपरिया नपा अध्यक्ष नीना नागपाल के पति, पिपरिया के बहुचर्चित भाजपा नेता व विधायक के सबसे करीबी माने जाने वाले भाजपा नेता नवनीत नागपाल, शाखा प्रबंधक राजेंद्र दुबे सहित अन्य आठ आरोपित थे। लोक अभियोजक सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद सभी अभियुक्तों को 7 वर्ष सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है।



अभियुक्त गण राजेंद्र कुमार दुबे शाखा प्रबंधक, नवनीत सिंह नागपाल, अजय कुमार माहेश्वरी, जो पूर्व विधायक मुरलीधर माहेश्वरी के पुत्र बताए जाते हैं, सतीश कुमार जायसवाल, हेमराज सिंह चौधरी, राघव सिंह पुरविया, जगदीश कुमार अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुनीता रघुवंशी एवं जानकी पटैल पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 409 के अंतर्गत यह कारावास दिया गया है। ज्ञात रहे कि विगत कुछ वर्षों से नवनीत नागपाल को पिपरिया का सबसे प्रभावशाली भाजपा नेता माना जाता है,जिनके एक इशारे पर नपा पिपरिया से जुड़े कार्य हो जाते हैं तो वहीं कई मामलों में वे विधायक से जुड़े कार्यों को भी फटाफट करा देते हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार विपणन सरकारी समिति मर्यादित पिपरिया के समिति संचालक रहते हुए समिति द्वारा वर्ष 2013- 14 के उपार्जित गेहूँ के संबंध में लोकसेवक के रूप में थे। समिति द्वारा वर्ष 2013 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित किये गये 1,04,034.19 क्विंटल गेहूं में से उपार्जित मात्रा के अनुपात में 1416.19 क्विंटल गेहूं निगम को कम परिदत्त किया गया। 1628.86 क्विंटल गेहूं अमानक स्तर का उपार्जित किया तथा परिवहन के दौरान 185.02 क्विंटल गेहूं की कमी पाई गई। इस प्रकार अभियुक्त गण ने कर्तव्य हीनता से गेहूं स्कंध में कमी,सूखत, परिवहन में कमी, अमानक स्तर के गेहूं की खरीदी पर हुई क्षति पर निगम को 1416.19 क्विंटल गेहूं की राशि 21 लाख 24 हजार 285 रूपए का नुकसान हुआ। 1628.86 क्विंटल गेहूं की राशि 20 लाख 93 हजार 528 रूपए एवं 185.02 क्विंटल गेहूं की 20 लाख 77 हजार 530 रूपए की क्षति हुई।

अपर लोक अभियोजक ने बताया कि राजेंद्र दुबे, नवनीत सिंह नागपाल, अजय कुमार माहेश्वरी, शिवनारायण जायसवाल,हेमराज सिंह, राघव सिंह, जगदीश अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुनीता रघुवंशी, जानकी पटैल को धारा 409 में दोषी पाते हुये सात वर्ष का कारावास एवं 5000 रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। आरोपितों द्वारा राशि जमा न किये जाने पर अलग से सजा दी जाएगी। सात आरोपितों को पिपरिया उप जेल ले जाया गया जबकि तीन महिला आरोपितों को नर्मदापुरम महिला जेल भेजा गया है।

# एक इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मालिक का सफरः तानिश्क की एथर कहानी की एक झलक



नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के अग्रणी निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी के संतुष्ट ग्राहक लगातार कंपनी की सराहना करते हुए एथर कंज़्यूमर कम्युनिटी पेज पर अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। इन्हीं ग्राहकों में से एक हैं तानिश्क खरे, जो इंदौर से एक स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ग्रेजुएट हैं। वो इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। तानिश्क शुरुआत में इलेक्ट्रिक स्कूटर को लेकर शंकित थे, लेकिन अब वो पूरे विश्वास से इसका समर्थन करते हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटर के प्रति अनिश्चित होने के बाद भी तानिश्क को भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाले एथर 450एक्स सीरीज़ 1 के डिज़ाईन और स्मार्ट फीचर्स ने आकर्षित किया।

एथर खरीदने के लिए अपने माता-पिता के समर्थन को याद करते हुए तानिश्क ने कहा, ''उन्होंने इससे पहले मुझे कुछ भी खरीदने के लिए इतनी आसानी से नहीं मनाया था।'' उनके माता-पिता के समर्थन और उनके उत्साह के कारण उन्होंने सर्विसिंग और सॉफ्टवेयर बग्स की छोटी-मोटी चुनौतियों के बाद भी एथर खरीदा। एथर के आगामी फैमिली स्कूटर के लिए तानिश्क की उत्सुकता क्वालिटी और इनोवेशन के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में उनके विश्वास को प्रदर्शित करती है।

लगातार इनोवेशन की प्रतिबद्धता के साथ एथर ने स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के विकास के लिए कड़ी मेहनत की है, जिनमें 450एक्स, 450एस और एपेक्स मॉडल शामिल हैं। एथर एनर्जी न केवल प्रीमियम वाहन बनाता है, बल्कि एथर ग्रिड जैसे अभियानों द्वारा चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार में निवेश भी करता है, जिससे भारत में इलेक्ट्रिक वाहन का परिवेश स्थापित करने की इसकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। एथर एनर्जी ने फैमिली स्कूटर के सेगमेंट में एथर रिज़्टा के साथ प्रवेश किया है, जो उत्पाद की श्रृंखला में नया स्कूटर है।

# फाइनलिस्टिंग्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ 7 मई को खुला

**मुंबई, एजेंसी।** फाइनलिस्टिंग्स टेक्नोलॉजिस लिमिटेड लग्जरी कार रिटेल एवं सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेक्टर्स की एक प्रमुख खिलाड़ी, कंपनी ने 7 मई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत ?123 प्रति शेयर मूल्य पर ?13.53 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होगें. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग सॉफ्टवेयर की खरीदी करने, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉरपोरेट खर्चो को पूरा करने के लिए किया जाएगा. इश्यू 9 मई 2024 को बंद होगा.इश्यू की लीड मैनेजर फेडेक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. फाइनलिस्टिंग्स टेक्नोलॉजी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अर्जुन सिंह राजपूत ने कहा, हम हमारे इनिशियल पब्लिक आफरिंग की सहर्ष घोषणा करते हैं और फाइनलिस्टिंग्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की ग्रोथ यात्रा में इस महत्वपूर्ण कदम को उठाते हैं. यह आईपीओ हमें हमारे ऑपरेशंस का और विस्तार करने और लग्जरी कार रिटेल और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट क्षेत्र में आफरिंग के लिए समर्थ बनता है, जो हमारे लिए एक नए अध्याय को दर्शाता है.

# टाटा मोटर्स ने अपनी लखनऊ फैक्ट्री से 9,00,000वें वाहन को रोल-आउट करने का जश्न मनाया

लखनऊ, एजेंसी। टाटा मोटर्स, कॉमर्शियल वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी, ने लखनऊ स्थित अपनी आधुनिक फैक्ट्री से 9,00,000वें वाहन को रोल-आउट करने का जश्न मनाया। टाटा मोटर्स के इस नए वाहन को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित फैक्ट्री पर टाटा मोटर्स के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

टाटा मोटर्स की लखनऊ स्थित फैक्ट्री 600 एकड़ में फैली हुई है। यह स्थिर निर्माण प्रक्रिया के प्रति टाटा मोटर्स की प्रतिबद्धता का जीता-जागता सबूत है। भारतीय उद्योग परिसंघ ने इसे वॉटर पॉजिटिव प्लांट के रूप में मान्यता दी है। इस संयंत्र में छह मेगावॉट का सोलर पावर प्लांट लगाया गया, जिससे कार्बन उत्सर्जन की मात्रा में उल्लेखनीय ढंग से कमी आई है। यह प्लांट अल्ट्रा मॉडर्न व्हीकल मैन्युफैक्चिरंग स्टेशन को बढ़ावा देता है। यहां रोबोटिक पेंट बूथ और बॉडी इन वाइट शॉप जैसी सुविधाएं है। इसके साथ ही अन्य विशेषताओं के साथ यहां रोबोटिक स्पॉट वेल्डिंग की सुविधा है। 1992 में अपनी शुरुआत के बाद से इस फैक्ट्री से कई यात्री और मालवाहक वाहनों का निर्माण किया है, जिसमें हल्के, मध्यवर्ती, मध्यम और भारी कॉमर्शियल वाहनों के साथ बिजली और फ्यूल सेल से चलने वाली इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं।टाटा मोटर्स के लखनऊ स्थित संयंत्र से 9,00,000वें वाहन के रोल आउट के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा, मैं इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए टाटा मोटर्स को बधाईयां देता हूं। यह उपलब्धि मौजूदा और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक, सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण के अनुकूल आवागमन के साधनों को प्रदान करने में टाटा मोटर्स की शानदार उपलब्धि को उभारती है। इसके अलावा कंपनी महिलाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने इस साल की जाने वाली भर्तियों में 22 फीसदी से ज्यादा महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर महिला सशक्तीकरण की मिसाल पेश की है। यह निर्माण क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने का उल्लेखनीय कदम है।''टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल्स में ऑपरेशंस हेड और वाइस प्रेसिडेंट श्री विशाल बादशाह ने कहा, लखनऊ स्थित प्लांट से 9,00,000वें वाहन का रोल आउट टाटा मोटर्स के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस प्लांट ने आधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई है। इस प्लांट में बनी 1200 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों की डिलिवरी की गई है, जिन्होंने कुल मिलाकर देश में लाखों किलोमीटर की दूरी तय की है। उत्तर प्रदेश हमारे लिए प्रमुख बाजारों में से एक है।

# आईएसबी ने लॉन्च किया आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने आई-वेंचर इमर्सिव प्रोग्राम लॉन्च किया है, खास तौर पर ऐसे लोगों के लिए जो अपने इनोवेटिव आइडिआ को स्टार्टअप की शक्ल देना चाहते हैं और कारोबारी बनना चाहते हैं। इसे आईएसबी के आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिट, आई-वेंचर ऐट आईएसबी ने शुरू किया है। यह देशभर के उभरते व्यवसाईओं को अपने जूनून और मेहनत को सही मुकाम तक पहुँचाने का काम करेगा। दाखिला लेने के लिए बारहवीं के बाद की शिक्षा ज़रूरी नहीं है, न ही किसी मौजूदा एंट्रेंस एग्ज़ाम, जैसे जीआरई, जीएमएटी वगैरा, की ज़रूरत होगी।

'आइ1आइ' के पहले बैच में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है और अक्टूबर से इसकी पढ़ाई शुरू होगी, जिसमें 50 सीट ऑफर की जा रही हैं। इस प्रोग्राम को 'इनक्यूबेटर से ज़्यादा और स्कूल से बढ़कर' की शक्ल दी गई है, जिसके तहत फुल-टाइम पाठ्यक्रम आईएसबी के हैदराबाद कैम्पस पर ऑफर किया गया है।

एप्लाई करने के लिए वीडियोज़ अपलोड करके अपना मोटिवेशन शेयर करना होगा। सलेक्शन प्रोसेस सिर्फ ग्रेड और मार्क्स तक सीमित नहीं है।

'आइ11आइ' में छात्रों को काबिलियत के हिसाब से अपने आइडिया को जमीन पर लागू करने के लिए वित्तीय सहयोग भी दिया जाएगा।



इस प्रोग्राम को हर तरह के आंत्रप्रेन्योर या इनोवेटर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इनमें शामिल हैं- हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवा जो अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं; टेक प्रोफेशनल जो कारोबारी समझ पाना चाहते हैं; और ऐसे युवा जो अपने फैमिली बिजनेस से हटकर या बढ़कर नया वेंचर शुरू करना चाहते हैं।

महिला उद्यमियों को खास तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में यह प्रोग्राम उनकी खास तौर पर मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह प्रोग्राम सैन्य सेवाओं में शामिल ऐसे लोगों के लिए भी है जो अपनी लीडरशिप स्किल का इस्तेमाल आंत्रप्रेन्योरशिप के क्षेत्र में करना चाहते हैं।

आई-वेंचर आईएसबी के फैक्लटी डायरेक्टर प्रोफेसर भगवान चौधरी ने इस प्रोग्राम के बारे में आगे बताया, हम 'द्व1द्व' के ज़रिए एक ऐसा ईको-सिस्टम बनाना चाहता है जो रचनात्मकता को बढ़ावा दे, निवेश के लायक हो, और लीडर पैदा करे. ये सभी फैक्टर भारत की उद्यमशीलता और डिवेलपमेंट को दिशा देने के लिए ज़रूरी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम के तहत वे महानगरों के अलावा छोटे शहरों और टियर-2 और -3 कस्बों और गांवों तक पहुंचना चाहते हैं।

कोर्स या सिलेबस की बात करें तो 'द्व1द्व' में एआई मशीन लर्निंग, और डेटा साइंस जैसे नए तरीकों के जरिए समस्याओं को सुलझाना सिखाया जाएगा। इसके अलावा, छात्र अकाउंटिंग स्किल में भी महारत हासिल कर पाएंगे।

मार्केटिंग में, खास तौर पर ब्रांडिंग, ग्राहकों की जरूरतों को समझने, और मार्केट शेयर बढ़ाने से जुड़े उपायों के बारे में बताया जाएगा।

# गूगल वॉलेट भारत में लॉन्च हुआ, जिससे दैनिक जरूरतों के लिए तीव्र, सुरक्षित एक्सेस मिलेगी

नईदिल्ली, एजेंसी। गूगल ने भारत में गूगल वॉलेट लॉन्च किया। यह ऐप दैनिक जरूरतों के लिए तीव्र व सुरक्षित एक्सेस प्रदान करता है, ताकि लोग महत्वपूर्ण डिजिटल दस्तावेज, जैसे बोर्डिंग पास, लॉयल्टी कार्ड, मूवी टिकट आदि एक ही जगह रख सकें। गूगल वॉलेट गूगल पे के पूरक के रूप में काम करेगा, जो भारत में यूज़र्स की पेमेंट की सभी जरूरतों को पूरा करता रहेगा।गूगल वॉलेट अनुभव के लिए लॉन्च के अवसर पर गूगल ने भारत के 20 सर्वोच्च ब्रांड्स के साथ साझेदारी की है, जिनमें पीवीआर और आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाईन लैब्स, कोच्चि मेट्रो, अभिबस आदि शामिल हैं। आने वाले महीनों में और ज्यादा पार्टनर शामिल हो जाएंगे। देश में एंड्रॉयड यूज़र्स को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस लॉन्च के महत्व के बारे में राम पपाटला, जीएम एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड, एंड्रॉयड एट गूगल ने कहा, ''भारत में गूगल वॉलेट की शुरुआत एंड्रॉयड इंडिया के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लोगों के दैनिक जीवन को आसान बनाने के लिए इनोवेटिव और सुविधाजनक अनुभव पेश कर रही है। हमेंदैनिक जरूरतों की सुरक्षित एक्सेस और



प्रबंधन का विस्तृत समाधान प्रदान करने के लिए भारत के कई सर्वोच्च ब्रांड्स के साथ साझेदारी करने की खुशी है। अब आपके बोर्डिंग पास से लेकर लॉयल्टी कार्ड और ईवेंट टिकट से लेकर जन परिवहन के पास तक सबकुछ आप जरूरत पड़ने पर फौरन एक्सेस कर सकेंगे।''गूगल वॉलेट यूज़र्स को कई तरीकों से अपने जीवन के बेहतर प्रबंधन में मदद करेगाः मूवी या ईवेंट के टिकट सेव करेंः पीवीआर और आईनॉक्स के साथ साझेदारी द्वारा अब एंड्रॉयड यूज़र्स अपने मूवी और ईवेंट टिकट सीधे अपने गूगल वॉलेट में सेव कर सकेंगे। बोर्डिंग पास एक्सेस करेंः एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी एयरलाईंस और मेकमाईट्रिप, ईज़माईट्रिप, और आईक्सिगो जैसी ऑनलाईन ट्रैवल कंपनियों के साथ साझेदारी में यात्री अपने मोबाईल बोर्डिंग पास आसानी से सेव और एक्सेस कर सकेंगे।

# परशुराम जयंती पर निकली वाहन रैली

## धूमधाम से मनाया जन्म दिन, भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना हुई



छिंदवाड़ा। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल द्वारा शहर में वाहन रैली निकाली गई जिसमें समाज के बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। संकट मोचन हनुमान मंदिर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा के साथ रैली निकाली गई इस रैली में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए रैली शामिल लोग भगवान परशुराम के जयकारे लगाते रहे। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए परशुराम वाटिका पहुंची जहां भगवान श्री परशुराम जी की आरती पूजन किया गया। अक्षया तृतीया के अवसर पर परशुराम वाटिका में प्रातः 9 बजे भगवान श्री का हवन पूजन किया गया जिसमें समाज के लोग उपस्थित रहे। वहीं यज्ञोपवीत संस्कार के दूसरे दिन बटुकों की दस विधि पूजन संपन्न करवाया गया। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे बटुक भिक्षा के लिए निकले वहीं 4 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर नरसिंगपुर नाका से शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई जो कि विभिन्न स्थानों से होती हुई परशुराम वाटिका पहुंची।

## तहसील अधिवक्ता संघ ने नए अधिवक्ताओं को सदस्यता दिलवाई




**अमरवाड़ा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय अमरवाड़ा के तहसील अधिवक्ता संघ के द्वारा नवीन अधिवक्ताओं को सदस्यता दी गई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एम के बेलवंशी, उपाध्यक्ष मुसर्रत हुसैन, सचिव प्रफुल्ल चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष सीताराम कटारे, वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध श्रीवास्तव एचएस रिजवी, मनोज सराठे, संतलाल परतेती बृजमोहन वर्मा के द्वारा नए अधिवक्ता अंशुल जैन सहित अन्य अधिवक्ताओं को तहसील अधिवक्ता संघ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता अजय सक्सेना के जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर सभी अधिवक्ता साथी ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर मनीष नेमा,अखिल सोनी, रवि पालीवाल, परवीन खान, रजनी राय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नाटक और लेखन की कार्यशाला 12 मई को होंगे ऑडिशन

**छिंदवाड़ा।** जिले के रंगकर्म को समृद्ध बनाने एवं आधुनिक अभिनय क्षमता के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए नवीन प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिए जिले की अग्रणी नाट्य संस्था किरदार संस्थान द्वारा 21 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में विशेष रूप से अभिनय की बारीकियों के साथ लेखन के बारे में प्रशिक्षुओं को सिखाया जाएगा। किरदार संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन नेमा ने बताया कि इस कार्यशाला के ऑडिशन का पंजीयन निशुल्क ऑडिशन स्थल डा खरे पंचकर्म सेंटर बड़वन एवं मोबाइल नंबर 7974366630, 7000862500 के माध्यम से किया जाएगा। संस्था के सचिव ऋषभ स्थापक ने बताया कि कार्यशाला हेतु ऑडिशन 12 मई 2024 को दोपहर 11 बजे से 5 बजे तक स्थानीय बड़वन में डॉ दिलीप खरे पंचकर्म सेंटर में रखे गए है। कार्यशाला में स्थानीय नाट्यकारो एवं लेखको के साथ ही मंडी एवं मुंबई से अनुभव प्राप्त मेंटर प्रशिक्षण देंगे।

## पुजारी संघ ने किया उपनयन संस्कार



**छिंदवाड़ा।** म. प्र. संत पुजारी संघ ने भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष आचार्य द्वारा वैदिक विधि विधान से 21 बटुकों का उपनयन संस्कार करवाया। आचार्य राजेश दिवेदी ने बताया कि जनेऊ ब्राह्मणों का रक्षा कवच होता है, जिससे सनातन धर्म की रक्षा हेतु बल मिलता है । इस उपलक्ष में प्रदेश उपा. प. विनोद तिवारी, महाकौशल प्रभारी, प. मनीष तिवारी, जिला प्रभारी आचार्य राजेश दिवेदी, जिला अध्यक्ष प. सुनील तिवारी, जिला महासाचिव प. सुरेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्याय, प. शिव शंकर मिश्रा, जिला प्रचार मंत्री प. विनीत तिवारी, नगर अध्यक्ष प. नंद किशोर शर्मा, नगर उपाध्याय प. संतोष तिवारी, मनोज बाजपेयी, सी पी शर्मा प राम शंकर बाजपेयी मुख्य रूप से उपस्थित थे

## देशी मसाला शराब के 110 पाव, दो युवकों से जप्त

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ढाबा के सामने आयुष नद्यमक युवक जो की देसी मसाला शराब बेचने की जुगत से घूम रहा था मुख् वीर की खबर पर अमरवाड़ा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक धर्मराज बाघमारे ने युवा को धरदबोचा ,युवक के पास से 46 पाव देसी लाल मसाला के बरामद हुए, वहीं अयोध्या बस्ती निवासी शिवम के पास से 44 पावदेसी शराब के मिलने पर दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 ए के अंतर्गत दोनों आरोपी के प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 12 मई को

**छिन्दवाड़ा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि दिनांक 12 मई दिन रविवार को समय 3:00 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक स्थानीय साउथ सिविल लाईन पार्क, छिन्दवाड़ा में आहुत की गयी है जिसमें मुख्यतः नये पेंशनरों का स्वागत तथा एसोसिएशन के पेशंनर्स से अनुरोध है कि वे पेंशन से संबंधित समस्याओं का आवेदन दस्तावेजों सहित लेकर उपस्थित होने बैठक में प्रांतीय संगठन द्वारा 32 माह, 27 माह के रूके हुये डी.आर. तथा केन्द्रीय पेंशनरों के बराबर मंहगाई भत्ता के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जावेगी ,साथ ही आने वाले समय में पेंशनरों की मांगों के संबंध में संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जावेगी। अतः पेंशनरों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का कष्ट करें।

## महापौर को भाजपा से निष्काषित किया जाए

**छिंदवाड़ा।** भाजपा में शामिल होने के बाद महापौर विक्रम अहके ने येन चुनाव के वक्त वीडियो जारी कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील कर दी थी। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने अभी महापौर को पार्टी से नहीं निकाला है। एक भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि महापौर को पार्टी से निष्काषित कर देना चाहिए।

## उमरेठ में रेत तस्करों का आतंक

छिंदवाड़ा/उमरेठ। तहसील मुख्यालय उमरेठ इन दिनों अवैध व्यपारो का गढ़ बना हुआ है। रेत उत्खनन व परिवहन जैसे अवैध व्यपार उमरेठ तहसील क्षेत्र के लिए नासूर बने हुए है। दिन भर तहसील मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत क्षेत्रो में छोटे बड़े नदी नालों से दिन भर अवैध रेत निकाल कर रात के अंधेरे में तहसील मुख्यालय उमरेठ व आसपास की पंचायतों में सप्लाई की जाती है। हैरत की बात तो यह है कि रात होते ही रात होते ही उमरेठ तहसील मुख्यालय रेत तस्करो का हॉटस्पॉट बन जाता है। जिसमे रेत तस्कर रात के अंधेरे में उमरेठ बैंक तिराह के सामने से वन विभाग का नाका, उमरेठ पुलिस थाने के सामने व तहसील कार्यालय के सामने से वेधड़क अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर व ट्रॉली निकालते है।

बताया जा रहा है कि उमरेठ क्षेत्र वर्तमान में अवैध व्यपरियो के लिए सेफ जॉन शाबित हो रहा है इक्का दुक्का कारोबारीयो को छोड़ देखा जाए तो वह बारहमासी रेत तस्कर जो हमेशा अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते है उन्हें छोड़कर छोटे अवैध रेत कारोबारियों पर कार्यवाही की जाती है। बारहमासी रेत तस्कर हमेसा कार्यवाही से बच निकलते है व इनकी तगड़ी सेटिंग की चर्चा जोरो पर है। यह बड़े रेत तस्कर मूलतः उमरेठ तहसील क्षेत्र से बाहर जुन्नारदेव विकाशखण्ड के अंतर्गत कोहनियां व ढूढ़राल व कलमुंडी ग्राम के बताए जाते है जो कि रात के अंधेरे में तहसील मुख्यालय उमरेठ में अवैध रेत की तस्करी करते है।

### दलालो व रैकी के सहारे रेत की तस्करी

उमरेठ तहसील मुख्यालय में रेत का परिवहन उमरेठ में रेत के दलाल जो ओनेपोने दामो में रेत का ऑर्डर लेते है फिर वही लोग रेकी करके उन लोगो को अवैध रेत उपलब्ध कराते है। बताया जाता है कि क्षेत्र में संजय व संजू दो नाम अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के लिए प्रमुख माने जाते है साथ ही यहाँ दलाल व रैकी करने वाले उमरेठ बैंक तिराह, थाने के सामने व गाजनदोह बिजोरी मार्ग व नागलवाड़ी चौराहा में खड़े होकर रेकी करते है।

## आत्मदाह की चेतावनी

उमरेठ। नेहरू चौक के किराना व्यापारी सुभाष उर्फ नबलु साहू के घर एवं दुकान में दिनांक 31 अगस्त 2022 की मध्यरात्रि लगभग 2 बजे जब परिवार एक ही कमरे में गहरी नींद में सोया हुआ था किन्ही अज्ञात आरोपियों ने षडयंत्र रचकर भीषण धमाकेदार आगजनी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें साहू परिवार के 5 लोग आग में बुरी तरह झुलस गये थे। जिसमें साहू परिवार के तीन बच्चों की तड़फते हुये जाने जा चुकी है तथा दोनों पति पत्नी का वर्तमान तक नागपुर के निजी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध नहीं किये जाने पर सुभाष नबलु साहू ने बारंबार माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, मानव अधिकार आयोग, सीबीआई से पत्राचार कर उन्हें घटना की जानकारी देकर प्रकरण पंजीबद्ध कराकर अज्ञात आरोपियों को ज्ञात कर गिरफ्तार करने का निवेदन किया। बावजूद इसके कार्यवाही ना होने पर क्षेत्रीय विधायक ने मामले को विधानसभा प्रश्न लगाकर सरकार को अवगत कराया, सुभाष नबलु साहु ने खुद मुख्यमंत्री निवास भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से कार्यवाही के लिये निवेदन किया तत्पश्चात सुभाष नबलु साहु ने उच्च न्यायालय जबलपुर में पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतोष व्यक्त कर कार्यवाही कराने की मांग की तब जाकर घटना दिनांक से 9 माह बीत जाने पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

### परम पूज्य आर्यिका सिद्ध श्री माताजी ने दिया मंगलमयी आशीर्वाद

छिंदवाड़ा। परमपूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी की स्मृति में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर निर्यापक मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति न्यास सांगानेर जयपुर के प्रशिक्षित विद्वानों के मार्गदर्शन में दिनांक 10 मई से 19 मई तक आयोजित धार्मिक शिक्षण शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम आज आचार्य विभव सागर जी महाराज की शिष्य आर्यिका 105 सिद्ध श्री माता जी ससंग के सानिध्य में श्री आदिनाथ जैन मंदिर गुलाबरा के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंगलाचरण, चित्र अनावरण , दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम अतिथियों के द्वारा किया गया।इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए आर्यिका सिद्धश्री माताजी ने कहा कि सबसे बड़ा दान ज्ञान दान है जो भव भावांतर तक काम आता है, निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज द्वारा स्थापित श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान की पाठशाला में बच्चे धर्म की शिक्षा प्राप्त कर जो ज्ञान अर्जित कर रहे है वो इस प्रकार के शिविर के माध्यम से लोगो को इसका शिक्षण दे रहे हैं, अब आपका भी ये कर्तव्य है की सही समय पर इन कक्षाओं में उपस्थित होकर अपने जीवन को सही मार्ग पर लगाकर इसको सार्थक करें।

## मोटर व्हीकल चालानी कार्यवाही

छिंदवाड़ा। उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार यातायात नियमो के उल्लघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्द हेल्मेट एंव सीट बेल्ट शीर्ष मे प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस



अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक श्री राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाडा द्वारा आज दिनांक 10 मई 2024 को, छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान के दौरानः-हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 58 समन शुल्क 17400 रूपये, सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 7 समन शुल्क 3500 रूपये, वाहन मे विधिवत नम्बर प्लेट न होने वाले वाहन के विरूद्द प्रकरण 01 राशि 500/-, नो पार्किंग मे वाहन खडा करने वाले चालक के विरूद्द प्रकरण 01 राशि 500 रूपये, तेज गति से वाहन चलाना प्रकरण 03 राशि 3000/-, वाहन मे पार्किंग लाईट त्रुटि पूर्ण होने वाले वाहन के विरूध्द प्रकरण 02 राशि 1000/- रूपये वसूल की गई। इस प्रकार दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जाने पर 76 वाहनो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 30400/- रूपये समन शुल्क राशि वसूल की गई।इसी तारतम्य मे मोटर सायकल पल्सर 220 का चालक पंकज मालवीय द्वारा गुरैया मंडी आमरोड पर मोटर सायकल से खतरनाक ढंग से स्टंट करते हुए मिला जिसके विरूद्ध धारा 146/196, 184,198, 102/177, 3/181, 39/192(1) मो. व्ही.एक्ट की धाराओं पर कार्यवाही कर मान. न्यायालय पेश किया गया। इस तरह के खतरनाक स्टंट करना यातायात नियमों का उल्लंघन है एवं यह खतरनाक है।

## जिले में तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ आज

छिन्दवाड़ा। छिन्दवाड़ा जिले में आयोजित होने वाले पुस्तक एवं गणवेश मेला 2024 का शुभारंभ कलेक्टर श्री शीलेन्?द्र सिंह द्वारा 11 मई को प्रात- 11 बजे किया जायेगा। जिला स्तरीय तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का आयोजन स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में 11 से 13 मई 2024 तक प्रात- 10 से शाम 6 बजे तक किया जायेगा। जिसमें सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, सीबीएसई, आई. सीएसई, एमपी बोर्ड तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों के गणवेश और स्टेशनरी विक्रेता अपना स्टॉल लगायेंगे, जिसमें पालक एवं विद्यार्थी सामग्री क्रय कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने जिले के सभी विद्यार्थियों, पालकों एवं जागरूक नागरिकों से अपील की है कि इस तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले में 11 से 13 मई तक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पाठ्य पुस्तकें, शाला गणवेश एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री रियायती दामों में क्रय करके मेले को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### तेज बारिश के साथ ओले गिरे

छिंदवाड़ा। बेमौसम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। एक दिन पहले चौरई क्षेत्र में तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई वहीं शुक्रवार को शाम के वक्त जुन्नारदेव में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हुई और ओले भी गिरे।

## पिकअप और डम्पर की टक्कर तीन की मौत

### 12 गौवंश की भी मौत, टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के परखच्चे उड़े



**छिंदवाड़ा।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत झंडा रिंग रोड पर शुक्रवार को सुबह डम्फर और पिकअप की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई पिकअप वाहन में गौवंश जा रहा था दुर्घटना में गौवंश की भी मौत हुई है। डम्फर और पिकअप की आमने सामने टक्कर हुई इस हादसे में जहां तीन लोगों की मौत हुई वहीं 12 गौवंश ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत गौवंश और मृतकों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सुबह 5 बजे करीब की है। गौवंश से भरी पिकअप अमरवाड़ा रिंग रोड से तेज गति से जा रही थी इसी दौरान परासिया रिंग रोड से रेत से भरा डम्पर आ रहा था झंडा रिंग रोड के पास दोनों की आमने सामने से टक्कर हो गई जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई साथ ही 11 गौवंश की भी मौत हो गई एक गौवंश को घायल हुआ। सूचना पर पुलिस ने मृत गौवंश औघ्र मृतकों को कब्जे में लिया है और पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। डम्पर चालक को भी इस दुर्घटना में चोट आई है। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### अधीक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

कोतवाली थाना के अंतर्गत चर्च कम्पाउंड मिशन बालक छात्रावास में पदस्थ अधीक्षक पर दैहिक शोषण का आरोप लगा है। महिला छात्रावास में खाना बनाने का काम करती है। जिसका आरोप है कि पिछले कुछ वर्षो से अधीक्षक उसके साथ शोषण करता था। जब शादी करने की बात आई तो अधीक्षक अपनी बात पर मुकर गया और महिला को डराने धमकाने लगा चर्च कम्पाउंड स्थित मिशन बालक छात्रावास के जेक्सन कुमार अधीक्षक पद पर पदस्थ है। और पीड़िता इसी छात्रावास में खाना बनाती है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज किया है।

### कार पलटी तीन गंभीर

गत रात्री हाईवे पर एक सड़क दुर्घटना में कार अनियंत्रित होकर पलट गई इस हादसे में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए जिन्हें पांढुर्ना सिविल अस्पताल में लाया गया जहां सभी का इलाज जारी है। घायलों में बाबूराव पंडाग्रे, किरण पति मनोहर, मनोहर घोटे शामिल हैं। सभी बैतूल के निवासी बताए जाते है।

### युवक के साथ मारपीट

अमरवाड़ा (अमरवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम सुखारी के रहने वाले आकाश पिता राजकुमार वर्मा उम्र 21 वर्ष को सुखारी के ही रहने वाले रिंकू यादव ने बेवजह गाली गलौज कर मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दिया आकाश की रिपोर्ट पर प्रधान आरक्षक आकाश मालवीय में भादवी की धारा 294 ,323 ,506 में प्रकरण पंजीकृत कर विवेचना में लिया द्य

### भाई ने भाई की कर दी पिटाई

अमरवाड़ा( अमरवाड़ा नगर की बाढ़ क्रमांक 15 में निवास करने वाले अखिलेश पिता सतीश अहिरवार को उसके भाई अभिषेक ने बेवजह मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया अखिलेश की रिपोर्ट पर थानेदार राघवेंद्र उपाध्याय ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी का प्रकरण पंजीकृत विवेचना में लिय

## रस्सी खींच प्रतियोगिता



**छिंदवाड़ा। फर्स्ट स्टेप स्कूल में बच्चों के समर कैम्प में पहली कक्षा के श्रेयस चौरसिया की टीम ने रस्सी खींच प्रतियोगिता जीती।**

## जन्मदिन पर बधाई दी




**छिंदवाड़ा। भाजपा नेता शन्टी बेदी एवं शैलेन्द्र मालवी ने कैलाश विजय वर्गीय को जन्मदिन की बधाई इन्दौर जाकर दी।**

## महिला सशक्तिकरण,पंचायती राज, सर्व शिक्षा में दे रहे बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट जानकारी



छिंदवाड़ा । जन अभियान परिषद के माध्यम से सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू कर रहे स्टूडेंट अपने आनलाइन असाइमेंट में ग्रामीण अंचलों की समस्याएं, शासन की योजनाओ का जमीनी स्तर पर लाभ, महिला सशक्तिकरण, स्कूल चले हम अभियान, पंचायती राज,पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता अभियान, नशामुक्ति अभियान, स्वास्थ जागरूकता स्वच्छता अभियान,सहित अनेकों विषयो पर प्रस्तुत किए गए असाइमेंट से शासन इसे अच्छे सुसाशन हेतु लागू करने में कारगर होगी।जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सभी ब्लाक में संचालित बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लासेस में उक्त कार्य किए जा रहे है। जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा ब्लाक के परामर्शदाता विनोद तिवारी ने बताया की बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लास में अलग अलग विषयो के विशेषज्ञों द्वारा स्टूडेंटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है इसके साथ ही वर्ष भर महापुरुषों की जयंती मनाई जाती है ।उनके बलिदान से युवाओं को देश प्रेम भी भावना जागृत की जाती है मेंटर्स श्रीमती लता नागले ने बताया की फील्ड में बच्चे श्रममूलक कार्य से श्रम की महत्ता सीखते है साथ ही शोध कार्य से वास्तविक आंकड़े एकत्र किए जाते है।श्रीमती तृप्ति सिंह ने बताया की प्रत्येक क्लास के प्रारंभ में रामकृष्ण मिशन के हैटफुलनेश के ट्रेनर द्वारा ध्यान की क्रिया से एकाग्रता एवम अपने कार्य में गति लाने का प्रयास भी किया जाता है ।जय प्रकाश सूर्यवंशी एवम आशीष साहू ने बताया की सभी में समरसता के भाव तैयार हो इस हेतु अनेको स्नेह यात्राएं सहित सर्वधर्म समभाव की शिक्षा भी दी जाती है।

## विद्यार्थी अपने विषय का ज्ञान रखें तथा साथ ही अन्य ज्ञान भी सीखें

### वाइटल रोल ऑफ़ कम्युनिकेशन इन पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला

#### प्रो.प्रियंका चौरासे ने एनसीसी केडेट्स से की वन टू वन चर्चा



छिंदवाड़ा। स्थित कन्या परिसर में आयोजित हो रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में चार जिलों के 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स सहभागिता कर रहे हैं आज कैंप के नौवे दिन जिले भर के समस्त एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करने के लिए सत्यवती कॉलेज यूनिवर्सिटी आफ दिल्ली से इंग्लिश की प्राध्यापिका सुश्री प्रियंका चौरसिया द्वारा वाइटल रोल ऑफ़ कम्युनिकेशन इन पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उन्होने बताया कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि जिन भी क्षेत्र में वह अपना भविष्य बनाना चाहते हैं उनमें महत्वपूर्ण भूमिका संप्रेषण की होती है कम्युनिकेशन की कला व्यक्तित्व विकास में बेहद लाभदायक है इसमें भाषा, भावभंगिमा, शैली आत्मविश्वास की बड़ी भूमिका होती है इस विषय पर अपने विचारों को विस्तार से रखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय से पधारी सुश्री प्रियंका चौरासे ने बताया कि उन्हें बच्चों के कैरियर गाइडेंस के क्षेत्र में कार्य करने में बहुत खुशी महसूस होती है उन्हे इस बात की प्रसन्नता है की आज वो छिंदवाड़ा सिवनी जबलपुर बालाघाट शहर के बच्चों के लिए वह मार्गदर्शन दे पा रही है। उन्होंने अपने विचार रखते हुए आगे बताया कि आज के प्रतिस्पर्धा के युग में प्रत्येक विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपने विषय का ज्ञान तो रखें ही साथ ही साथ यदि उसे बाहर जाकर अध्ययन का अवसर मिलता है तो उसे वह जरूर स्वीकार करना चाहिए, हमें आखिर भारतीय स्तर पर और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलाव की विस्तार से जानकारी मिल जाती है और हम किसी भी किस्म की चुनौतियों का भविष्य सामना कर सकते हैं।24 एमपी बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन तथा प्रशासनिक अधिकारी कर्नल के पी विजय कुमार ने सुश्री प्रियंका चोरिया के प्रति आभार प्रकट किया इस कार्यक्रम में सूबेदार मेजर अमर सिंह राणा एवं कैंप एडज्यूटेंट लेफ्टिनेंट शेखर ब्रम्हने सहित 9 एनसीसी अधिकारी पी आई स्टाफ सहित सिविल स्टाफ मौजूद था 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में राइफल शूटिंग गतिविधियों का संचालन कर्नल विवेक भात्रा के नेतृत्व में किया जा रहा है इसके साथ-साथ आर्मी से संबंधित विशिष्ट विषयों का अध्ययन विशेषज्ञ द्वारा करवाया जा रहा है।

# उनके जैसी बेजोड़ राजनीति और मीडिया मैनेजमेंट का जोड़ मुश्किल !



**भोपाल।** भाजपा की राजनीति में जिन नेताओं को सुलझा हुआ, परिपक्व और तार्किक नेता माना जाता है गोविंद मालू उनमें एक थे। वे राजनीति करते थे, मीडिया और भाजपा के बीच सेतु का काम करते थे और पार्टी के पक्ष में ऐसे टिप्पणीकार थे, जिसकी काट मिलना आसान नहीं है। उनका असमय जाना भाजपा के अलावा मीडिया के साथियों के लिए भी झटका है। उनकी टिप्पणियां और बयान दूसरे नेताओं की तरह हवाबाजों जैसे नहीं होते थे। वे अपने होमवर्क और रेफरेंस से उसमें नयापन जोड़ते थे। वे इतने बेजोड़ थे कि उनकी जोड़ का पार्टी प्रवक्ता मिलना आसान नहीं !

प्रदेश भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी एवं मप्र खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद मालू के अचानक दिव्य ज्योति में विलीन होने की सूचना स्तब्ध करने वाली थी। करीब रोज ही उनसे फोन पर बात होती रही। बीच-बीच में मुलाकात भी। पर, चुनाव की वजह से वे कुछ व्यस्त रहे। लगातार दौरे भी उनकी व्यस्तता का कारण रहे। पर, ये नहीं सोचा था कि था कि उनकी ये व्यस्तता जान लेवा साबित होगी। वे भाजपा के कुशल रणनीतिकार एवं मीडिया प्रबंधन के मंजे हुए खिलाड़ी थे। उन्होंने पत्रकारिता की शुरूआत खेल पत्रकारिता से की थी। स्व गोकुल भूतड़ा के अध्यक्षी कार्यकाल में भाजपा कार्यलय में प्रवेश हुआ। यही से उन्होंने राजनीति का ककहरा सीखा और राजनीति के साथ पत्रकारिता में प्रवेश किया। कदम दर कदम आगे बढ़ते हुए उन्होंने मीडिया के क्षेत्र में अपनी अलग छवि बनाई थी। उन्होंने अपनी पत्रकारिता प्रिंट मीडिया से शुरू की। फिर समय की मांग के अनुसार अपने आपको इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम में स्वयं को पारंगत कर लिया।

क्लॉथ मार्केट बैंक में उनके साथ कई साल साथ में काम किया। किसी भी व्यक्ति की नब्ज को पहचानने की उनकी क्षमता अद्भुत थी। समाचार पत्र पढ़ने की और उसमें भी राजनीतिक विषयों पर पठन और फिर बेबाक टिप्पणी करने में वे बेजोड़ थे। इसी कारण वे मुझसे देश-प्रदेश की राजनीतिक घटना एवं प्रभाव के विषय में चर्चा कर आम आदमी की सोच की थाह लिया करते थे। कई बार पार्टी के निर्णय पर मेरी असहमति होने के बावजुद वे मुझे पार्टी लाईन समझाने का पूरा प्रयास करते थे। एक बार मैंने उनसे कहा था कि आपकी पार्टी और आपके विचार से मैं सहमत नहीं हूं आप क्यों मेरी सहमति के लिए व्यर्थ प्रयास करते हो। अपनी पार्टी लाईन से हटे बिना उनका कहना था कि तुम जैसे लोगों को समझाना जरूरी हैं। तुम्हारे जैसे लोग दस लोगों को पार्टी लाइन से अलग करने की क्षमता रखते हैं। यही करण है कि पार्टी एंव मीडिया में वे बड़े पद पर सुशोभित रहे।

शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते उन्हें जनआशीर्वाद यात्रा का प्रभारी बनाया था। तब उनसे बहुत चर्चा हुआ करती थी। इस यात्रा में एक-दो बार उनके साथ रहने का अवसर मिला। इस समय उनका मीडिया मैनेजमेंट तारीफ के काबिल देखा। जब भी उनसे चर्चा होती तो वे अपनी इस यात्रा के किस्से जरूर शेयर करते थे। उनके साथ रहते हुए देखा कि वे एक साथ तीन-तीन मोबाइल पर मीडिया के साथियों से, पार्टी कार्यकताओं से वरिष्ठ नेताओं से ऑनलाइन जुड़े रहते थे। हर छोटा-बड़ा पत्रकार अपने पेपर के लिए उनके बयान चाहता था। किसी भी पत्रकार को मुख्यमंत्री से मुलाकात करना हो, तो वे मुलाकात के लिए मालू जी का सहारा लेते थे। कई बार मुख्यमंत्री की व्यस्तता के बाद भी वे किसी तरह मुलाकात का प्रबंधन करा ही देते थे।

वर्तमान लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया में अलग पहचान बना ली थी। सभी विषयों पर उनका अध्ययन एवं होमवर्क अपनी अलग ही छाप छोड़ता था। उनकी सामयिक विषय पर उनकी टिप्पणी सबसे पहले आती थी, जो अकल्पनीय होती। बैंक के सहकर्मियों के लिए वे हमेशा उदार बने रहें। बैंक परिवार को उन्होंने हमेशा परिवार समझा। मीडिया प्रभारी जैसे बड़े पद पर रहने के बाद भी समय का अभाव होने पर भी बैंककर्मियों के सुख-दुख में शामिल होते थे।

वे कहते थे कि क्लॉथ मार्केट बैंक मेरा परिवार है और में जो कुछ भी हूं, उसकी शुरूआत मैंने बैंक से की। मेरे परिचय में सबसे पहले क्लाथ मार्केट बैंक है। मोबाईल पर हमेशा उपलब्ध रहना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी। यदि किसी कारण वे फोन नहीं उठा पाते, तो स्वयं फोन लगाकर बात करते थे। आज वो नहीं हैं, पर उनकी लेखनी की धार हमेशा मौजूद रहेगी। एन चुनाव के पहले भाजपा के लिए भी उनके जैसा मीडिया प्रभारी खोजना मुश्किल होगा। वे लेखन, मीडिया प्रबंधन एवं चुनावी चौसर पर मात देने में माहिर थे। उनमें इतनी सारी खासियत थी. कि उन्हें भुला पाना हर किसी के लिए मुश्किल होगा।

## बीसीए एमपी चैप्टर की पहल, दिव्यांग ब्लाइंड स्टूडेंट्स को दिखाई गई श्रीकांत मूवी







**भोपाल।** भोपाल के दिव्यांग ब्लाइंड विद्यार्थियो को टी सीरीज द्वारा निर्मित मूवी श्रीकांत बोला निशुल्क दिखाई गई। इसमें राजधानी के लगभग 200 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने यह प्रेरणादायक फिल्म देखी। ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया एमपी चैप्टर भोपाल के संयोजक एवं प्रवक्ता डा. राजीव जैन ने बताया कि यह मूवी बायोग्राफी है श्रीकांत बोल्ला की। श्रीकांत बोल्ला एक भारतीय उद्योगपति और बोलेंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक अध्यक्ष है। वह मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के स्लोअन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में प्रबंधन विज्ञान में पहले अंतरराष्ट्रीय दर्ष्ठिबाधित छात्र रहे हैं।

श्रीकांत बोला जन्म से ही ब्लाइंड थे। वह अपने जीवन के सफर में कितनी परेशानियां झेलते हुए कैसे अपने जीवन में आगे बड़े और आज एक सफल उद्योगपति के रूप में कार्य कर रहे है।आज इस फिल्म को इन दिव्यांग ब्लाइंड बच्चों को दिखाने का उद्देश्य यही था कि आप भी हार ना माने, सफलता एक दिन अवश्य मिलती है।

टी सीरीज और मयंक शेखर ( दी वॉयस ऑफ ब्लाइंड) के सौजन्य से इस स्पेशल मूवी शो का आयोजन पीवीआर सिनेमा औरा मॉल में किया गया। इसमें मुख्य रूप से ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया एमपी चैप्टर, नित्या अनंता सोशल वेलफेयर सोसाइटी, न्यू अहिंसा निकेतन शैक्षणिक एवम सामाजिक कल्याण समिति भोपाल का सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान बीसीए एमपी की टीम से ज्योति वर्मा, डा.राजीव जैन, प्रीति जाधव, राजेश्वरी कुमार, राहुल बंसल एवं राजेश परमार उपस्थित रहे। अन्य गणमान्य अतिथियों में दिव्यांग ब्लाइंड सिंगर डा. दिव्यता शाह गर्ग, एनबीएस से अदिता असनानी, नायडू सर और पीवीआर प्रबंधन से समीर खान उपस्थित रहे।

## यूनिक सोशल एजुकेशन कमिटी एवं सहयोग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा उद्यमिता प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया



**भोपाल।** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान कौशल विकास एवं उधमशीलता मंत्रालय ठ्ठद्बह्यड्ढह्वस्र भारत सरकार एवं ट्रेनिंग पार्टनर्स के रूप में यूनिक सोशल एजुकेशनल कमेटी एवं सहयोग वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संकल्प प्रोजेक्ट के तहत स्व रोजगार के लिए जो प्रशिक्षण दिया गया था आज सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह पवार जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए सभी महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं लगभग 100त्न महिलाओं ने ट्रेनिंग के पश्चात अपना अपना स्वरोजगार स्थापित कर लिया है यूनिक सोशल एजुकेशन समिति के कोषाध्यक्ष मनोज पाराशर एवं सहयोग वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की और भी ट्रेनिंग सरकार के द्वारा आयोजित की जाएगी जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले एवं शासकीय योजनाओं का लाभ ले। कार्यक्रम में रणवीर राणा दिलीप कुमार प्रीति रजक मंजू अहिरवार प्रियंका ठाकुर तुलसी पाल ज्योति विश्वकर्मा एवं सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे।





## भगवान परशुराम जयंती पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जानापाव पहुंचकर पूजन-अर्चन कर किये दर्शन

**भोपाल।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज भगवान श्री परशुराम जी की जन्मस्थली जानापाव ( महू ) पहुंचे। यहां उन्होंने परशुराम जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने जन्मस्थली पर बने भव्य मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। श्री शुक्ल ने प्रदेश की समृद्धि तथा प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि के लिए कामना की। पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक सुश्री ऊषा ठाकुर उपस्थित थीं।

भाजपा नेता वल्लभनगर प्रभारी वेदमणि शर्मा जी को जन्मदिन की साथियों के साथ दी बधाई शुभकामनाएं वार्ड क्रमांक 33



## इंदौर कलेक्टर ने जनता से की अपील,13 मई को ज़रूर करे मतदान



**इंदौर।** प्रदीप चौधरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने इंदौर के सभी ज़िलेवासियों से 13 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## नवनीत मलिक ने संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'द वर्जिन ट्री' की शूटिंग पूरी की



**भोपाल।** अपने बहुमुखी अभिनय कौशल के लिए जाने जाने वाले नवनीत मलिक ने संजय दत्त अभिनीत आगामी फिल्म ÷द वर्जिन ट्री÷ की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में दत्त के युवा संस्करण की भूमिका निभाने वाले मलिक ने रणबीर कपूर के बाद ऐसी प्रतिष्ठित भूमिका निभाने पर उत्साह व्यक्त किया। परदे पर संजय दत्त के युवा संस्करण को चित्रित करना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। रणबीर कपूर के बाद, इस भूमिका के लिए उनके स्थान पर कदम रखना एक बड़े सम्मान की तरह महसूस होता है। संजय सर के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा रहा है। वह सिर्फ नहीं हैं एक अद्भुत अभिनेता होने के साथ-साथ एक अद्भुत इंसान भी, शूटिंग का अनुभव अद्भुत से कम नहीं था,%% मलिक ने व्यक्त किया। फिल्म का एक मुख्य आकर्षण मौनी रॉय के साथ मलिक की रोमांटिक कहानी है, जो कहानी में साज़िश की एक परत जोड़ती है। फिल्म में मलिक का लुक संजय दत्त के प्रतिष्ठित ÷रॉकी÷ लुक से प्रेरित है, जो उनके चित्रण की प्रामाणिकता को और बढ़ाता है। ÷द वर्जिन ट्री÷ की शूटिंग मुंबई और पुणे में हुई, जिससे फिल्म में चरित्र की यात्रा का प्रामाणिक चित्रण हुआ। सिद्धांत कुमार सचदेव द्वारा निर्देशित, फिल्म ÷द वर्जिन ट्री÷ एक मनोरंजक हॉरर कॉमेडी कहानी होने की उम्मीद है, और मलिक का युवा संजय दत्त का चित्रण निश्चित रूप से एक आकर्षण होगा।

## दुखद सूचना



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय दुबे, अभय दुबे, संजय दुबे के बड़े भाई ,अनुभव दुबे के पिता पूर्व उपमंत्री म. प्र. शासन विजय दुबे काकू भाई जी का दुखद निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज 11 मई शनिवार को शाम 4:00 बजे उनके निवास स्थान कावेरी स्टेट कॉलोनी इटारसी से निकाली जाएगी अंतिम संस्कार शांति धाम इटारसी में होगा ।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस - सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में आपके अतुलनीय योगदान के समक्ष संपूर्ण विश्व नतमस्तक है - योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक योग केंद्र के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि एक नर्स दवा कम, ख्याल ज्यादा रखने की सलाह देता है। नर्स एक मां, एक बहन के रूप में मरीजों की सेवा करती हैं। 12 मई को हर साल फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की वर्षगांठ के तौर पर मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल को विश्व की पहली नर्स कहा जाता है। उन्होंने क्रीमियन युद्ध के दौरान लालटेन लेकर घायल ब्रिटिश सैनिकों की देखभाल की थी। इस वजह से इन्हें लेडी विद द लैंप भी कहा गया। मरीज की जिंदगी बचाने में जितना योगदान डॉक्टर्स का होता है, उतना ही एक नर्स का। नर्स अपनी परवाह किए बिना मरीज की तन-मन से सेवा कर उनकी जान बचाती है। अपने घर और परिवार से दूर रहकर मरीजों की दिन रात सेवा करती है। नर्सों के साहस और सराहनीय कार्य के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

एक मरीज के जीवन में नर्स की बहुत बड़ी भूमिका होती है। कोई भी मरीज जब अस्पताल में अपना इलाज करवाने के लिए आता है तो डॉक्टर के माध्यम से उसका इलाज किया जाता है। डॉक्टर द्वारा इलाज करने में नर्स अपना योगदान देती है। डॉक्टर तो आपको देखकर दवाई इत्यादि को पेपर पर लिख देता है लेकिन उसको कब और कितने समय बाद देनी है, इसकी देखभाल नर्स ही करती है। अस्पताल में आपको डॉक्टर इंजेक्शन नहीं लगाएगा बल्कि नर्स ही आपको इंजेक्शन देगी। मरीज को सही समय पर नर्स ही दवा खिलाती है। नर्स के अंदर दया-भाव रहता है। पूरी



दुनिया में नर्स की मेहनत को देखकर विश्व भर में नर्स दिवस मनाया जाता है। एक नर्स का जीवन कठिनाइयों भरा होता है। क्योंकि हर परिस्थिति में उसको हिसाब से चलना होता है।

मरीज को किसी भी बड़ी से बड़ी तथा छोटी से छोटी बीमारी होने पर हॉस्पिटल में उसकी ठीक प्रकार से देखभाल करती है। अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को कोई भी दिक्कत होती है तो सबसे पहले नर्स को ही बुलाया जाता है और उस मरीज की समस्या का समाधान करती है। पूरी दुनिया जानती है कि नर्स से अच्छी देखभाल और कोई नहीं कर सकता है। नर्स का सबसे बड़ा कर्तव्य होता है कि किसी भी मरीज के सही प्रकार से देखभाल करना। किसी भी नर्स को मरीज की देखभाल बिल्कुल एक बच्चे की तरह करना होता है। जब नर्स मरीज की देखभाल करती है तो उसको सही समय पर खाना, दवाइयां आदि देती है, जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। नर्स के जीवन का सबसे बड़ा और अहम हिस्सा मरीज होता है। बीमार मरीज की जितनी देखभाल डॉक्टर करता है उससे कहीं ज्यादा नर्स को करनी पड़ती है। मरीज को सही समय पर दवा खिलाना तथा इंजेक्शन इत्यादि को समय पर देना नर्स का मुख्य कार्य होता है। जिस प्रकार एक मां अपने बच्चे से प्रेम करती है ठीक उसी प्रकार एक नर्स भी अपने मरीज की देखभाल सही ढंग से करती है। जब किसी प्रकार की कोई दुर्घटना हो जाती है तो उन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। अस्पताल में भर्ती घायलों के अधिक देखभाल नर्स के माध्यम से ही होती है। नर्स का जीवन भी कठिनाइयों भरा होता है क्योंकि हर नर्स की परिस्थिति अलग-अलग होती है। एक अच्छी नर्स वहीं होती है जो अपने आप को परिस्थिति के अनुकूल ढाल लेती हैं। नर्स और मरीज के बीच ठीक वैसा ही संबंध होता है जैसा कि मनुष्य और भगवान के बीच। जिस तरह भगवान अपने बच्चों को परेशान होता हुआ नहीं देख पाते ठीक वैसे ही नर्स अपने मरीजों को तकलीफ मे नहीं देख सकती है। इसलिए नर्स मरीज की अच्छे से देखभाल करती है, जिससे वह बीमारी से लड़ सके।

नर्स का स्वभाव दयालु , मरीजों के प्रति सावधानी , विषम परिस्थिति में काम करने की क्षमता , सहनशक्ति और किसी भी ब्रेक के बिना लंबे घंटों तक काम करने की क्षमता, धैर्य, विभिन्न आयु समूहों ( बच्चों, वयस्कों और आयु वर्ग के लोगों ) से संबंधित मरीजों से निपटने में निपुण, अच्छा संचार कौशल मध्यवर्ती समन्वय और रोगी को शिक्षित करने में निपुण, नर्स को अनुशासित होना एवं कार्य पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। नर्सिंग की दुनिया में होने वाली घटनाओं के साथ अपने आप को अप-टू-डेट रखने की इच्छा होनी चाहिए। मरीजों के अधिकारों के लिए हमेशा साथ खड़े होने की भावना अंदर होनी चाहिए।

देश में नर्सिंग से जुड़े सभी कर्मियों को अंतर्राष्टीय नर्स दिवस की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।आज के कठिन समय में कोरोना जैसी महामारी के उपचार में आपका अथक परिश्रम सराहनीय है। सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में आपके अतुलनीय योगदान के समक्ष संपूर्ण विश्व नतमस्तक है।

# नगर निगम कीलोक अदालत में लगी जलकर एवं संपत्ति कर जमा करने वालों की लंबी-लंबी कतार

**भोपाल।** नगर निगम की लोक अदालत में संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने वालों की लंबी-लंबी कतार है लग गई नगर निगम के वार्ड 68 के वार्ड अधिकारी राजेंद्र पांडवा स्वयं नगर निगम के कर्मचारी और कर जमा करने वाले लोगों के बीच आकर समन्वय का काम कर रहे थे

नगर निगम के बाल अधिकारी श्री पांडवा ने बताया कि आज 11 में को राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई है इसमें जलकर एवं संपत्ति कर में लोगों को छूट दी जाती है एक साथ जमा करने पर अधिवार में छूट दी जाती है लोगों ने नगर निगम की लोक अदालत में बड़ी संख्या में एक साथराशि जमा कर लाभ उठाया

## वार्ड अधिकारी राजेंद्र पांडवा स्वयं संभाली कमान



